दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 । अंक: 287 जयपुर, बुधवार, 25 सितंबर, 2024 । आश्विन, कृष्ण पक्ष-अष्टमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### अमेरिका यात्रा से स्वदेश लौट प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय अमेरिका की यात्रा समाप्त कर स्वदेश लौट आए हैं। भारत लौटने पर दिल्ली एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया। अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने कई अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बात की और कई देशों के प्रतिनिधियों से भी मिले। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई प्रमुख नेताओं ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा को 'सफल' करार दिया और कहा कि वह निर्विवाद रूप से विश्व के एक कद्दावर नेता के रूप में उभरे हैं।

### जम्मू-कश्मीर में दूसरे चरण का मतदान आज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में बुधवार को 6 जिलों की 26 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होगी। इसमें 25.78 लाख मतदाता वोट डाल सकेंगे। सेकेंड फेज की 26 सीटों में से 15 सीटें सेंट्रल कश्मीर और 11 सीटें जम्मू की हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, दूसरे फेज में 239 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 233 पुरुष और 6 महिलाएं हैं। इस चरण में पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जेकेपीसीसी अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा और भाजपा के प्रदेश प्रधान रविंदर रैना चुनावी मैदान में हैं। अब्दुल्ला गांदरबल और बडगाम सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि कर्रा सेंट्रल शाल्टेंग से चुनाव लड़ रहे हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## मुनेश गुर्जर के निलंबन के दूसरे दिन हेरिटेज नगर निगम को मिली नई मेयर

# कुसुम यादव कार्यवाहक महापौर, दो महीने का रहेगा कार्यकाल

■ कांग्रेस को झटका, पार्टी के 8 पार्षद भाजपा में शामिल

**बेधड़क** | जयपुर

मुनेश गुर्जर के निलंबन के दूसरे दिन मंगलवार को कुसुम यादव को हेरिटेज नगर निगम का कार्यवाहक महापौर बनाया गया है। कुसुम यादव को ओबीसी महिला के लिए आरक्षित महापौर कुर्सी पर 60 दिन के लिए कार्यवाहक महापौर नियुक्त किया गया है। राज्य सरकार से अगले आदेश नहीं आने तक वे कार्यवाहक महापौर बनी रहेंगी। स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक कुमार पाल गौतम ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। कुसुम यादव को राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महापौर पद का कार्यभार सौंपा गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कुसुम यादव 60 दिन या राज्य सरकार की ओर से इस संबंध में आने वाले किसी अन्य आदेश तक कार्यवाहक महापौर रहेंगी।



### भाजपा का टिकट नहीं मिला तो हुईं थी बागी

वार्ड 74 से पार्षद कुसुम यादव दो बार पार्षद बन चुकी हैं। पिछले चुनाव में भाजपा ने कुसुम यादव का टिकट काट दिया था, जिसके बाद यादव ने निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। इसके बाद पुन: भाजपा में शामिल हो गईं। इसके बाद भाजपा ने उन्हें मेयर पद का प्रत्याशी चुना था। हालांकि कुसुम यादव हार गई थीं और कांग्रेस की मुनेश गुर्जर मेयर बनीं।

### आठ कांग्रेसी पार्षदों ने दिया समर्थन

कुसुम यादव को मेयर पद तक पहुंचाने में आठ कांग्रेसी पार्षदों की अहम भूमिका रही। मंगलवार को इन आठ पार्षदों ने भाजपा का दामन थामा और कुसुम यादव को समर्थन दिया। ये सभी पार्षद निलंबित महापौर मुनेश गुर्जर की कार्यशैली से खफा थे। अब भाजपा के पास 42 से 50 पार्षद हो गए हैं। हेरिटेज नगर निगम में 100 वार्डों में बहुमत के लिए 51 पार्षदों की जरूरत है। ये तमाम पार्षद लंबे समय से यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के संपर्क में थे। इन 8 पार्षदों में से 3-3 पार्षद सिविल लाइंस और किशनपोल विधानसभा और 2 आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से हैं।

### खर्रा ने दी थी मुनेश के निलंबन की मंजूरी

मुनेश गुर्जर के खिलाफ नोटिस जारी करने के बाद जवाब के लिए तीन दिन का समय दिया गया था। वहीं स्वायत्त शासन विभाग द्वारा सोमवार को एक लेटर जारी किया जिसमें मुनेश गुर्जर के निलंबन को लेकर निर्देश जारी किया गया। इस लेटर में मुनेश गुर्जर को निलंबित करने का कारण भी बताया गया। वहीं यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मुनेश गुर्जर के निलंबन की मंजूरी दी। मुनेश गुर्जर के पति पर पट्टों के वितरण में रिश्वत लेने के मामले में मुनेश गुर्जर को मेयर की कुर्सी गंवानी पड़ी।

### ये पार्षद कांग्रेस से भाजपा में आए

- मनोज मुद्गल (वार्ड 35)
- उत्तम शर्मा (वार्ड 49)
- ज्योति चौहान (वार्ड 46)
- सुशीला देवी (वार्ड 63)
- अरविंद मेठी (वार्ड 71)
- मो. जकरिया (वार्ड 65)
- पारस जैन (वार्ड 80)
- संतोष कंवर (वार्ड 78)

## मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा पर दी बधाई

# रक्षा और तकनीकी क्षेत्र में देश को मिलेगी मजबूती: सीएम

■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक पटल पर भारत नई ऊंचाइयां छू रहा

■ दुनिया के देशों के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए भारत निरंतर प्रयासरत

**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के बाद मंगलवार को दिल्ली लौटे। प्रधानमंत्री के अमेरिका दौरे को सफल बताते हुए मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वैश्विक पटल पर भारत नई ऊंचाइयां छू रहा है। प्रधानमंत्री भारत को विश्व में एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र बनाने और दुनिया के देशों के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

इसी संकल्प के तहत उन्होंने अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा की जिसके तहत उन्होंने विभिन्न सम्मेलनों एवं बैठकों में हिस्सा लिया तथा प्रवासी भारतीय समुदाय को भी संबोधित किया। शर्मा ने इस दौरान प्रधानमंत्री को उनकी यात्रा के लिए बधाई भी दी। शर्मा ने कहा कि यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने क्वाड शिखर सम्मेलन में सदस्य देशों के साथ सार्थक चर्चा की, जिससे कई वैश्विक मुद्दों के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा। रक्षा और तकनीक के क्षेत्र में हुए समझौते से देश को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'समिट ऑफ दी फ्यूचर' सम्मेलन में दिया गया प्रधानमंत्री का संबोधन मध्य-पूर्व में जारी इजराइल-हमास संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में किया गया महत्वपूर्ण प्रयास है। यह भारत की वैश्विक शांति के प्रयासों के प्रति कटिबद्धता को दर्शाता है।



### महाशक्ति के रूप में उभरेगा भारत

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका के बीच हुए रक्षा सहयोग समझौते के तहत मिलने वाले ड्रोन से देश की सेनाओं की टोही क्षमताओं एवं खुफिया निगरानी की क्षमता का और अधिक विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि मोदी की अमेरिका यात्रा तकनीक, एआई, क्वांटम कम्प्यूटिंग और सेमीकंडक्टर को बढ़ावा देने के लिहाज से भी काफी अहम रही, जिसके भविष्य में सार्थक परिणाम आने से भारत तकनीकी क्षेत्र में महाशक्ति के रूप में उभरेगा।

### प्रवासी भारतीयों में भारी उत्साह

मुख्यमंत्री ने कहा कि अमेरिका यात्रा के दौरान नसाऊ कोलीजियम में मोदी एंड यूएस कार्यक्रम में उनका ओजस्वी उद्बोधन सुनने के लिए अमेरिका के लगभग 40 राज्यों से 13 हजार से अधिक प्रवासी भारतीय भाई-बहन एकत्रित हुए, जो कि हमारे प्रधानमंत्री की लोकप्रियता का एक अनुपम उदाहरण है। शर्मा ने कहा कि भारतीय प्रवासी समुदाय दुनिया का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। मोदी एक ऐसा वैश्विक समुदाय बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जो अपने मेजबान देश के साथ ही, मातृभूमि की मदद के लिए हमेशा तैयार रहें। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री की इस महत्वपूर्ण यात्रा से भारत की ग्लोबल लीडर के रूप में बढ़ती हुई छवि को और मजबूती मिलेगी तथा वैश्विक समुदाय का भारत के प्रति समर्थन और अधिक मजबूत होगा।

**हरियाणा और झारखण्ड में करेंगे सभा:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 26 एवं 27 सितंबर को हरियाणा में विभिन्न चुनावी सभाओं तथा 28 सितंबर को झारखंड में परिवर्तन यात्रा जनसभा को संबोधित करेंगे। शर्मा 26 सितंबर को समलखा , राई और इन्द्री विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा करेंगे। इसी तरह शर्मा 27 सितंबर को भी हरियाणा के 3 अन्य चुनावी सभाएं करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री 28 सितंबर को झारखंड जाएंगे, जहां वे देवघर में परिवर्तन यात्रा जनसभा को संबोधित करेंगे।

## ट्रेन दुर्घटना की साजिश, रेल मंत्री बोले

# सख्त एक्शन की तैयारी एनआईए करेगी जांच



**बेधड़क** | जयपुर

देशभर में ट्रेन पलटाने की साजिश के कई मामले सामने आने के बाद अब केंद्र सरकार ने सख्त कदम उठाने की तैयारी कर ली है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ट्रेन दुर्घटना का षड्यंत्र रचने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

हाल ही में हुई घटनाओं की जांच अब एनआईए करेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मंगलवार को जयपुर दौरे पर आए। यहां उन्होंने रेलेव के विकास कार्यों और कवच प्रणाली की जांच की। वैष्णव पार्टी के कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। इससे पहले रेल मंत्री सुबह दिल्ली से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे जहां उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने अश्विनी वैष्णव का स्वागत किया। रेलवे के खिलाफ साजिश पर उन्होंने एयरपोर्ट पर मीडया से बात की। रेल मंत्री ने कहा, केंद्र सरकार सुरक्षा खतरों को अत्यंत गंभीरता से लेती है और ट्रेनों में तोड़फोड़ करने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रेलवे इस मामले में सभी राज्य सरकारों, राज्य के डीजीपी और गृह सचिव के संपर्क में है, एनआईए भी इसमें शामिल है और जो भी अपराध में शामिल है उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि रेलवे प्रशासन संभावित ट्रेन तोड़फोड़ की कोशिशों के लिए अलर्ट पर है और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए कई राज्यों में प्रशासन और पुलिस के साथ बातचीत कर रहा है।

**मुख्यमंत्री से की मुलाकात:** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने राजस्थान में रेलवे सुविधाओं के विस्तार के संबंध में चर्चा की। इसके बाद रेल मंत्री ने गांधी नगर रेलवे स्टेशन पर रेलवे के विकास कार्यों का जायजा लिया। रेल मंत्री ने शाम 4 बजे सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के कवच लगे इंजन में सवार होंगे और इंदरगढ़ स्टेशन तक 45 मिनट की यात्रा की।

# जल जीवन मिशन घोटाले में 12 अधिकारियों पर गाज

**बेधड़क** | जयपुर

जल जीवन मिशन घोटाले में मंगलवार को 12 अधिकारियों पर गाज गिरी। सरकार ने कार्रवाई करते हुए दोषी पाए गए 12 अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 17-ए के तहत जल जीवन मिशन मामले में 12 अधिकारियों के विरूद्ध परिवाद दर्ज कर विस्तृत जांच एवं अनुसंधान के लिए पूर्वानुमोदन प्रदान किया है।

जबकि आरएएस प्रारंभिक परीक्षा-2013 में पेपर लीक करने वाले आरोपी लेक्चरर को राजकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। राज्य सरकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में शुचिता लाने की नीति के तहत शर्मा ने यह कार्रवाई राजकीय सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों पर रोक) अधिनियम 1992 के अन्तर्गत की गई है। सीएम भजनलाल शर्मा ने सेवारत एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों के विरूद्ध नियम 16 सीसीए में संचालित अनुशासनात्मक कार्रवाई के 4 मामलों में प्रमाणित आरोपों का अनुमोदन करते हुए सेवारत अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोकने का फैसला भी लिया है।

# तीर्थयात्रियों की बस नेपाल में दुर्घटनाग्रस्त

**एजेंसी** | काठमांडू

भारत के राजस्थान राज्य के तीर्थ यात्रियों की एक बस नवलपरासी जिले के नवलपुर के पास मंगलवार की सुबह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में कुल 43 यात्री सवार थे, जिसमें 23 यात्री घायल हुए हैं। काठमांडू के पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन करने बाद तीर्थयात्रियों को लेकर यह बस राजस्थान लौट रही थी। बस में सवार यात्रियों के मुताबिक तीव्र गति से चल रही बस अनियंत्रित होने के बाद सड़क के किनारे पलट गई। नवलपरासी जिले के पुलिस डीएसपी वेद बहादुर पौडेल के मुताबिक मंगलवार की सुबह राजस्थान की बस (आरजे 14 पीसी 3545) दुर्घटनाग्रस्त हो गई है, जिसमें 23 यात्रियों के घायल होने के बाद उन्हें पास के ही अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया है। डीएसपी पौडेल ने बताया कि बस में सवार 45 यात्रियों में से बाकी सकुशल हैं।

## आखिरकार पकड़ा गया 'आदमखोर'

# पांच दिन में तीन लोगों की जान ले चुका था तेंदुआ... कैद हुआ पिंजरे में

- जिस जगह कुछ दिन पूर्व एक महिला का किया शिकार, वहीं पकड़ा गया
- बड़ा पिंजरा लगाया और छिड़का मछली का पानी
- रेस्क्यू टीम को मिली डबल कामयाबी, दूसरा तेंदुआ भी पिंजरे में फंसा

**बेधड़क** | उदयपुर

मावली में वन विभाग ने मंगलवार को आदमखोर तेंदुए को पकड़ लिया। पिछले कुछ दिनों में ये तेंदुआ 3 लोगों को अपना शिकार बना चुका था। इसके बाद 5 दिनों से चलाए जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन के बीच वह मंगलवार सुबह वन विभाग की ओर से लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया।

यही नहीं, एक और तेंदुआ भी दूसरे पिंजरे में कैद हो गया। वन विभाग ने उदयपुर जिले के गोगुंदा क्षेत्र के छाली गांव में 6 पिंजरे लगा रखे थे। बहरहाल, आदमखोर पैंथर के पकड़ में आने के बाद ग्रामीणों ने भी राहत की सांस ली है। तेंदुए को काबू में करने के लिए आर्मी की विशेष टीमों की सहायता ली गई। खास बात यह है कि तेंदुआ उसी जगह पिंजरे में फंसा जहां उसने एक महिला को शिकार बनाया था। वन विभाग और सेना की संयुक्त टीम ने उस स्थान पर बड़ा पिंजरा लगाया था, जिसमें मांस रखा गया था और उसके आसपास मछली के पानी का छिड़काव किया गया था, जिससे तेंदुआ आकर्षित होकर पिंजरे में कैद हो गया।



### ड्रोन की मदद से की गई निगरानी

तेंदुए को पकड़ने के लिए टीमों ने हरसंभव तकनीक का उपयोग किया। मानसून के चलते घने जंगलों में तेंदुए को ट्रैक करना चुनौतीपूर्ण था, इसलिए ड्रोन का भी सहारा लिया गया। इसके अलावा, तेंदुए के पगमार्क को ट्रैक कर उसकी गतिविधियों की निगरानी की गई। उदयपुर स्थित एकलिंगगढ़ छावनी से सेना की टीमों ने अपने शक्तिशाली विजन ड्रोन की मदद से तेंदुए को खोजने में सहायता की, जिसके बाद उसे सफलतापूर्वक पिंजरे में बंद कर लिया गया।

### पिंजरों में कैद एक लेपर्ड बूढ़ा

मुख्य वन संरक्षक सुनील छिद्री ने बताया कि सोमवार रात करीब 1 से 2 बजे के बीच 2 अलग-अलग पिंजरों में 2 लेपर्ड कैद हुए हैं। इनमें एक बूढ़ा लेपर्ड है, जिसके कैनाइन दांत (लंबे-नुकीले वाले) नहीं हैं। इन्हीं से लेपर्ड शिकार करते हैं। बूढ़े लेपर्ड के दांत नहीं होने से वह अपना प्राकृतिक शिकार नहीं कर पा रहा था। इसके लिए इंसानों पर अटैक करना आसान था। इसलिए संभावना है कि जो 3 लोग मारे गए हैं, वे इसी बूढ़े लेपर्ड ने मारे हैं।

### सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क लाए गए दोनों लेपर्ड

दोनों लेपर्ड को उदयपुर के सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क लाया गया। पिंजरे में आने के बाद दोनों लेपर्ड छटपटा रहे थे। उसी दौरान उनके मुंह पर मामूली चोट लग गई। थोड़ा खून भी बहा। सज्जनगढ़ में वेटरनरी डॉक्टर इनका इलाज करेंगे। स्वस्थ होने के बाद वन विभाग इन दोनों लेपर्ड को रखने को लेकर कोई निर्णय लेगा।

**जरूरी खबर**

## राज्यपाल से IAS प्रशिक्षुओं ने की मुलाकात



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मंगलवार को राजभवन में आईएएस सेवा के 2023 बैच के नौ प्रशिक्षु अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात के दौरान आह्वान किया कि वे राष्ट्र के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता और समर्पण भाव रखते हुए कार्य करें। उन्होंने इन अधिकारियों से आमजन के प्रति संवेदनशील होकर विकास योजनाओं एवं जन कल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन की भी बात कही।

## RAS पेपर लीक के आरोपी व्याख्याता को किया बर्खास्त

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार पारदर्शी, जवाबदेही एवं भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में राज्य सरकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में शुचिता लाने की नीति के तहत शर्मा ने आरएएस प्रारंभिक परीक्षा-2013 में पर्चा लीक करने वाले आरोपी व्याख्याता को राजकीय सेवा से बर्खास्त करने का निर्णय लिया है। यह कार्रवाई राजकीय सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों पर रोक) अधिनियम 1992 के अंतर्गत की गई है। इसी तरह मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 17-ए के तहत जल जीवन मिशन मामले में 12 अधिकारियों के विरुद्ध परिवाद दर्ज कर विस्तृत जांच एवं अनुसंधान के लिए पूर्वानुमोदन प्रदान किया है।

## जोशी ने की राहुल का पासपोर्ट निरस्त करने की मांग



**जयपुर।** बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौड़गढ़ से सांसद सीपी जोशी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर राहुल गांधी का पासपोर्ट निरस्त करने की मांग की। जोशी ने पत्र में लिखा कि राहुल गांधी जैसे किसी व्यक्ति का नेता विपक्ष के पद पर रहना देश की सुरक्षा के लिए खतरा है। उनकी गतिविधियों को देखकर ये स्पष्ट हो जाता है कि राहुल देश विरोधी ताकतों के हाथों खेल रहे हैं। राहुल के बयानों को देश और दुनिया के इतिहास और वर्तमान के परिपेक्ष में देखा जाना चाहिए, क्योंकि वे एक जिम्मेदार पद पर हैं और ऐसी पार्टी और परिवार से आते हैं जिसने दशकों तक देश की सत्ता की बागडोर संभाली है।

### विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी बने CPA भारत क्षेत्र की कार्यकारी समिति के सदस्य

# विधानसभा की समितियों को सक्रिय करने की आवश्यकता: देवनानी

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को राष्ट्र मंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र की कार्यकारी समिति का सदस्य बनाया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस समिति के अध्यक्ष होंगे। यह समिति राष्ट्र मंडल संसदीय संघ की महत्वपूर्ण समिति है। समिति संघ के संविधान, विभिन्न गतिविधियों के कलैंडर निर्माण और इसकी विभिन्न राज्यों की शाखाओं से आने वाले सुझावों पर चर्चा कर निर्णय लेगी। दिल्ली में लोकसभा में चल रहे दसवें राष्ट्र मंडल संसदीय संघ के सम्मेलन में कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संघ के इस वर्ष आयोजित किए जाने वाले कर्यक्रमों पर निर्णय लिया गया।

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के दसवें सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि समावेशी विकास हमारी सनातन संस्कृति का अंग है। सर्वे भवंतु सुखिनः भारत की परंपरा है। उन्होंने कहा कि विकास सतत होने के साथ समावेशी, सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी होना चाहिए ताकि उसका लाभ प्रत्येक वर्ग को मिल सके। उन्होंने कहा कि विधायिका विकास की आधारशिला है। यह लोकतंत्र का एक प्रमुख स्तंभ होने के साथ ही भविष्य की कुंजी है। विधायिका द्वारा निष्ठा व संवेदनशीलता से अपनी भूमिका के किए गए निर्वहन से सभी को समान अवसर मिलने के साथ प्रगतिशील समाज की रचना हो सकती है।



**प्रेरणा स्थल पर किया नमन:** स्पीकर देवनानी मंगलवार को संसद भवन परिसर में स्थित प्रेरणा स्थल पर पहुंचे, जहां लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और विभिन्न विधानसभाओं के अध्यक्षों के साथ वहां महापुरुषों और वीर-वीरांगनाओं को नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की।

### विधायिका को जनता के साथ जुड़ना होगा

स्पीकर देवनानी ने कहा कि विधायिका को जनता के साथ जुड़कर उनकी आवश्यकताओं और आंकाक्षाओं को समझना होगा। जातिवाद, क्षेत्रवाद, सदन की कम होती बैठकों, सदन संचालन में बढ़ती बाधाओं सहित अनेक चुनौतियों का सामना करके लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए विधायिका को अधिक सक्रिय व संवेदनशील होना होगा। देवनानी ने कहा कि विधायिका के पास भविष्य के सतत और समावेशी विकास के लिए अनगिनत संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि सही दिशा में कदम उठाकर प्रत्येक व्यक्ति को विकास की धारा से जोड़ा जा सकता है। विधायिका को ऐसे कानून बनाने चाहिए, जिससे हाशिए पर खड़े समुदायों और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि विधायिका जनता की आवाज को नीतियों में बदलने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि विधायिका को ऐसा ढांचा तैयार करना होगा, जिससे सामाजिक न्याय और समावेशी विकास को प्रभावी ढंग से बढावा दिया जा सके।

### कड़े और दूरगामी निर्णय लेने की जरूरत

स्पीकर देवनानी ने कहा कि वर्तमान में जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ पेयजल की अनुपलब्धता और ऊर्जा की बढ़ती आवश्यकता वैश्विक चिंता के विषय हैं। इन दिशाओं में सभी को मिलकर कडे और दूरगामी निर्णय लेने होंगे। देवनानी ने कहा कि परंपरागत ऊर्जा की निर्भरता को कम करने के लिए राजस्थान सौर ऊर्जा को प्रोत्साहन दे रहा है। राजस्थान विधानसभा इस दिशा में निरन्तर कार्य कर भवन की बिजली की आवश्यकताओं को पूर्ण रूप से सौर ऊर्जा पर निर्भर बनाने का प्रयास कर रही है।

### कहा-10 हजार इंजनों को कवच 4.0 के दायरे में लाया जाएगा

# अब खतरा देखते ही खुद रुक जाएगी ट्रेन: अश्विनी वैष्णव

### पत्थरबाजी में शामिल लोगों के खिलाफ लिया जाएगा सख्त एक्शन

**बेधड़क** | जयपुर

सवाई माधोपुर में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कवच 4.0 के तहत लोको पायलट अपनी कैब में ही 10 किलोमीटर दूर का सिग्नल देख सकता है, अगर ट्रेन रेड सिग्नल के पास पहुंच रही है और ड्राइवर ध्यान नहीं दे रहा है तो कवच अपने आप ब्रेक लगा देगा। कवच को बारिश, पहाड़ी इलाकों, तटीय इलाकों के अनुरूप विकसित किया गया है। अगले 5-6 सालों में पूरा नेटवर्क कवच से कवर हो जाएगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कवच 4.0 का निरीक्षण किया और कहा कि कवच 4.0 भारत में पहली बार सवाई माधोपुर से शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में 10 हजार इंजनों को कवच के दायरे में लाया जाएगा। वैष्णव ने कवच प्रणाली की शुरुआत सहित रेलवे सुरक्षा में महत्वपूर्ण प्रगति पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि रेलवे की सुरक्षा के लिए कवच एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। 16 जुलाई, 2024 को आरडीएसओ द्वारा कवच 4.0 संस्करण को अंतिम रूप दिया गया और इसकी पहली स्थापना सवाई माधोपुर से कोटा और नागदा तक पूरी हो चुकी है। वैष्णव ने पत्रकारों से कहा कि इस क्षेत्र में कवच लगाने का काम पूरा हो चुका है, यह तो बस शुरुआत है। आने वाले वर्षों में 10 हजार इंजनों को कवच से ढका जाएगा। इससे पहले केंद्रीय रेल मंत्री ने ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाओं के मद्देनजर यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को संबोधित किया। मंत्री ने आश्वासन दिया कि ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाओं में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वैष्णव ने कहा कि रेलवे स्टाफ पूरी तरह से जागरूक है और राज्य सरकारों, राज्य डीजीपी और गृह सचिवों के संपर्क में है। ऐसी घटनाओं में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि रेलवे सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए राज्य पुलिस बलों के साथ लगातार सहयोग कर रहा है।



### जयपुर के गांधीनगर रेलवे स्टेशन के विकास कार्यों का रेल मंत्री ने किया निरीक्षण

केंद्रीय रेल मंत्री जयपुर के गांधीनगर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही 'रेल रक्षक' यान का भी अवलोकन किया। गांधीनगर रेलवे स्टेशन पर भारतीय रेलवे पर पहली बार 71 गुणा 48 मीटर के एयर कॉनकोर्स के लिए गर्डर लांचिंग की गई। गांधीनगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद रेल मंत्री जयपुर-सवाई माधोपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि देश भर में 1324 रेलवे स्टेशनों का री डेवलपमेंट कार्य किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन पर दोनों प्लेटफार्म को जोड़ने के लिए रूफ प्लाजा बनाई जा रही है। रेलवे को रि-डवलप करने का प्रधानमंत्री का सपना है। गांधीनगर जयपुर स्टेशन के पुनर्विकास से स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गांधीनगर जयपुर स्टेशन का स्थानीय लोक कला के अनुरूप आधुनिकीकरण किया जा रहा है। स्टेशन पुनर्विकास के तहत यात्रियों के आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए आगमन और प्रस्थान की अलग-अलग व्यवस्था की जाएगी। यात्रियों की सुविधा के लिए रूफ प्लाजा और एयर कॉनकोर्स का निर्माण किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधाओं में बढ़ोतरी करने के लिए लिफ्ट, एस्केलेटर, एग्जीक्यूटिव लाउंज, वेटिंग रूम, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, कैफेटेरिया समेत पार्किंग सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इस मौके पर उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ और जयपुर रेल मंडल प्रबंधक विकास पुरवार समेत सभी रेलवे अधिकारी मौजूद रहे।

### कांग्रेस के झूठ को अब लोग नहीं मानते

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कांग्रेस पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 संविधान की व्यवस्था के तहत पूरी तरह समाप्त हो चुकी है और उसके वापस आने की कोई संभावना नहीं है। वैष्णव ने मंगलवार को यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 एक अस्थाई व्यवस्था थी] जो पूरी तरह समाप्त हो चुकी है और अब उसके वापस आने की कोई संभावना नहीं है। अगर कोई विपक्षी दल यह बोल रहा है तो वह भ्रम फैला रहा है, उसकी बातों पर विश्वास नहीं करना चाहिए।



### गांधी नगर रेलवे स्टेशन को बनाएंगे सिटी सेंटर जैसा

रेलवे स्टेशन पर पर्यावरण संरक्षण के लिए सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसी व्यवस्थाएं की जाएगी। गांधीनगर स्टेशन को सिटी सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे स्टेशन यात्रियों के साथ- साथ शहर के निवासियों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। गांधीनगर रेलवे स्टेशन पर दोनों प्रवेश द्वार पर बिल्डिंग के स्ट्रक्चर का कार्य पूरा कर लिया गया है। यहां पर 72 मीटर चौड़ाई वाले एयर कॉनकोर्स के निर्माण के लिए गर्डर लॉन्चिंग का काम पूरा किया गया है। गर्डर लॉन्चिंग के बाद एयर कॉनकोर्स से संबंधित कार्य किया जा रहा है। एयर कॉनकोर्स में यात्रियों को वेटिंग रूम की सुविधा के साथ-साथ शॉपिंग कॉम्पलेक्स, कैफेटेरिया, गेम जोन जैसी सुविधाएं भी मिलेगी। यह सुविधा यात्रियों के साथ आमजन के लिए भी उपलब्ध रहेगी।

### 4 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

## 7 IPS को ट्रेनिंग के बाद मिली पोस्टिंग



**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार की ओर से मंगलवार को 4 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। वहीं 7 नए आईपीएस को ट्रेनिंग के बाद पोस्टिंग दी गई है। इससे पहले नए आईपीएस अधिकारियों ने सुबह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उनके आवास पर मुलाकात की।

तबादला सूची के अनुसार अमित जैन को एएसपी जायल से एएसपी लीव रिजर्व, आईजी ऑफिस, अजमेर, रमेश को एएसपी लीव रिजर्व, आईजी ऑफिस, बीकानेर, प्रशांत किरण को एएसपी राजगढ़ सर्कल से एएसपी रेज आईजी ऑफिस, सीकर और अभिषेक अंडासु को एसीपी जोधपुर कमिश्नरेट से एसीपी, कमिश्नरेट ऑफिस जोधपुर लगाया है। वहीं ट्रेनिंग से लौटने पर निश्चय प्रसाद एम को एएसपी सर्कल राजगढ़, चूरू, हेमंत कलाल को एसीपी जोधपुर पूर्व, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, विनय कुमार डीएच को एसीपी बस्सी, जयपुर पुलिस कमिश्नरेट, पंकज यादव एएसपी भरतपुर, आदित्य काकड़े को एसीपी मानसरोवर, जयपुर कमिश्नरेट, विशाल जांगिड़ को एएसपी बीकानेर सदर और शिवानी को एएसपी अलवर ग्रामीण के पद पर पोस्टिंग दी गई है।

## उपाध्याय जयंती को 'महा सदस्यता दिवस' के रूप में मनाएंगी BJP

**बेधड़क** | जयपुर



बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को सदस्यता अभियान के 'महा सदस्यता दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। महा सदस्यता दिवस पर भाजपा के बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर के करीबन 2 लाख 50 हजार भाजपा कार्यकर्ता प्रदेशभर में प्रवास पर रहेंगे। भाजपा महा सदस्यता दिवस पर एक दिन में 25 लाख से अधिक सदस्य बनाकर अभियान को गति प्रदान करेंगे। राठौड़ ने कहा कि महा सदस्यता दिवस पर मैं स्वयं दौसा प्रवास बूथों पर रहूंगा और बूथ स्तर पर भाजपा कार्यकर्ता के साथ मिलकर आमजन को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाऊंगा। राठौड़ ने कहा कि आज देशभर में भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। ऐसे में भाजपा की रीति और नीति से लोगों को अवगत कराते हुए सदस्यता दिलवाई जा रही है। राठौड़ ने प्रदेशवासियों से आह्वान करते हुए कहा कि हमें अधिक से अधिक संख्या में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूती प्रदान करना है।

### विशेष अभियान चलाकर आमजन को बनाएंगे सदस्य

भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा के महा सदस्यता दिवस पर प्रत्येक विधानसभा के बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल स्तर पर भाजपा कार्यकर्ता सुबह 8 से रात 8 बजे तक विशेष अभियान चलाकर आमजन को सदस्य बनाएंगे। इसके लिए प्रत्येक बूथ पर 5, शक्ति केंद्रों पर 2, मंडल स्तर पर 5 और सभी विधानसभा स्तर पर 1-1 भाजपा कार्यकर्ता दिनभर बूथ पर प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश कार्यालय से महा सदस्यता दिवस पर चलाए जा रहे विशेष अभियान की मॉनिटरिंग के लिए टीम का गठन भी किया गया है।

### ये प्रदेश पदाधिकारी रहेंगे दौरे पर

भाजपा के महा सदस्यता दिवस पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश पदाधिकारी भी विभिन्न क्षेत्रों में प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर सलूंबर एवं प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ दौसा में प्रवास पर रहेंगे, वहीं भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ. अलका गुर्जर निवाई, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी चौरासी विधानसभा, अशोक परनामी रामगढ़ विधानसभा, सांसद घनश्याम तिवाड़ी झुंझुनूं, भाजपा महामंत्री दामोदर अग्रवाल शाहपुरा, श्रवण सिंह बगडी कोटपूतली, संतोष अहलावत उदयपुरवाटी, ओमप्रकाश भडाणा नावां, मुकेश दाधीच खींवसर, नारायण पंचारिया जायल प्रवास पर रहेंगे।

### राज्य सैनिक बोर्ड की 17वीं बैठक

# सैनिकों को RTDC के अतिथिगृहों में मिलेगी 25% छूट

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सशस्त्र सेनाओं में सेवारत एवं सेवानिवृत्त सैनिकों के राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अतिथिगृहों में ठहरने पर 25 प्रतिशत छूट का प्रावधान किए जाने पर सैद्धांतिक सहमति जताई है। इस संबंध में प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार को भेजा जाएगा। राज्यपाल ने सैनिक कल्याण के लिए निर्धारित फंड का समुचित उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने इसके साथ ही, पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं और आश्रितों से सबंधित केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं और निर्णयों पर संवेदनशीलता रखते हुए समयबद्ध समुचित कार्यवाही किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सैनिक बॉर्डर पर कड़ी धूप और सर्द मौसम में भी राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सेवाएं देते है, उनके कारण ही हम घरों में चैन की नींद सो पाते है। उनके प्रति हमें अधिक संवेदनशील होना चाहिए। बागडे मंगलवार को राजभवन में राज्य सैनिक बोर्ड की 17 वीं बैठक में संबोधित कर रहे थे। बैठक में सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी, राज्य सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर, मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित अधिकारी, पूर्व सैनिक अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



### प्रदेश के विश्वविद्यालयों को नेक रैंकिंग के लिए मीटिंग

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की अध्यक्षता में मंगलवार को राजभवन में प्रदेश के विश्वविद्यालयों को नेक रैंकिंग सुनिश्चित कराने के लिए विशेष बैठक हुई। इसमें राज्यपाल ने राज्य के सभी वित्तपोषित विश्वविद्यालयों की आवश्यक रूप से नेक रैंकिंग करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अभी से इस संबंध में विश्वविद्यालयों के अंतर्गत ऑनलाइन व ऑफलाइन डाक्यूमेंटेशन शुरू करने और शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि, विश्वविद्यालय में मौलिक शोध और पेटेंट आदि जरूरी मुद्दों पर प्रभावी कार्यवाही किए जाने का आह्वान किया। बैठक में विवि में इन्क्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर की स्थापना करने, भारतीय ज्ञान परंपरा, राष्ट्र प्रेम आदि पर पाठ्यक्रम चलाए जाने पर चर्चा हुई।

**जरूरी खबर**

### स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए ड्रॉइंग प्रतियोगिता



**जयपुर।** स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत हेरिटेज निगम के हवामहल-आमेर जोन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। वार्ड नंबर 10 में बच्चों के बीच ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने तूलिका के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को अपनी पेंटिंग्स में उकेरा। इस प्रतियोगिता में सबसे बेहतरीन पेंटिंग बनाने वाले छात्र को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही स्कूल के बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाया गया और उन्हें गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण का महत्व बताया गया। बच्चों ने एक रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और गीले और सूखे कचरे के उचित निपटान की जानकारी दी।

### तिरुपति प्रसाद मामले में दोषियों पर हो कार्रवाई

**जयपुर।** तिरुपति मंदिर प्रसाद मामले में आचार्य संगम ने एक वीडियो जारी कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस मामले को चार दिन से अधिक समय बीत गया, लेकिन लोग सामने नहीं आए, चुप्पी साध रखी है। उन्होंने कहा है कि कुछ लोग हमेशा ठेकेदारी करते थे, अब वो चुप हैं, यह ठीक है नहीं है। आचार्य संगम ने कहा कि सबसे बड़ी बात ये है कि ठेकेदार इस पर चुप्पी साधे बैठे हैं। धर्म संसद के लोग जो हर छोटी-बड़ी बात पर बयान देते हैं, वो इस गंभीर मुद्दे पर मौन क्यों हैं? लोगों की चुप्पी ही कई सवाल खड़े कर रही है। उन्होंने कहा कि अपनी इस व्यास पीठ से अपील कर रहा हूं कि आस्था और भावनाओं को बचाने के लिए जाइए और अन्याय के खिलाफ बोलिए। आज हम नहीं बोलेंगे तो कभी नहीं बोलेंगे। इसलिए चुप नहीं बैठने वाले हैं।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**स्वच्छता सर्वेक्षण में रैंकिंग सुधारने के लिए नगर निगम ने कसी कमर, टीमों का गठन**

## 27 ब्लैक स्पॉट की होगी काया पलट, बनाएंगे सेल्फी पॉइंट

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम ग्रेटर ने इस साल स्वच्छता सर्वेक्षण में रैंकिंग सुधारने के लिए ठोस कदम उठाना शुरू कर दिया है। नगर निगम द्वारा अब स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसके लिए ग्रेटर नगर निगम में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है।

नगर निगम ग्रेटर क्षेत्र में 27 ऐसे ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जहां सबसे ज्यादा कचरे का जमावड़ा रहता है। ऐसे स्थानों को नगर निगम के अधिकारियों ने सौंदर्यकरण करके कायापलट करने की तैयारी कर ली है। ब्लैक स्पॉट स्थानों के चिन्हिकरण के बाद स्वच्छता पखवाड़े के तहत टीमों द्वारा स्थानीय लोगों का सहयोग लेकर ऐसे स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। यहां की सफाई की जाकर उनका सौन्दर्यकरण किया जाएगा। यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि ऐसे स्थानों पर कोई भी आमजन कचरा ना डाले।

### पौधारोपण के साथ ही रंगोली और पेंटिंग की जाएगी

निगम द्वारा इस अभियान के तहत प्राथमिक तौर पर चयन किए गए इन 27 विशेष स्थानों पर सफाई के बाद पौधारोपण, रंगोली, पेंटिंग, सेल्फी पॉइंट, स्थान को पक्का करवाकर उस जगह का कायाकल्प किया जाएगा। वार्ड 81 में दुर्गापुरा पुलिया के नीचे ऐसे ही एक ब्लैक स्पॉट था, जिसको स्थानीय निवासियों के सहयोग से हटाया गया और उस स्थान को पक्का करवाकर वह पर पेंटिंग कर उस स्थान को सुंदर बनाया गया है।





### स्वच्छता के लिए स्कूलों में होंगी प्रतियोगिताएं

विद्यालयों में बच्चों के बीच हुई स्वच्छता की प्रतियोगिताएं और स्वयं सहायता ग्रुप की महिलाओं द्वारा स्वच्छता चौपाल के माध्यम से कचरा प्रंबधन पर जागरूक किया जाएगा। छात्र-छात्राओं द्वारा कचरा प्रबंधन पर प्रश्नों-उत्तरी, निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे 700 बच्चों ने भाग लिया। राजकीय शहीद पुनीत नाथ दत्त स्कूल में बच्चों ने कचरा प्रबंधन के बारे में जाना और स्वच्छता की शपथ ली। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा कचरा प्रबंधन के बारे में चौपाल पर चर्चा की व स्वच्छता की शपथ लेकर आगे आमजन को जागरूक करने की प्रतिज्ञा ली।

**पुलिस के एप पर 5648 लोगों की जानकारी डाउनलोड**

## अब किराएदारों-नौकरों पर 'नजर' अपराध करते ही जाएंगे सलाखों में

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में दूसरे राज्य और जिलों से आकर किराएदार और नौकर के रूप में रहकर अपराध करने वाले बदमाश अब जल्द ही सलाखों तक पहुंचेंगे। पुलिस अब 'नजर एप' के माध्यम से किराएदारों और नौकरों का पूरी जांच पड़ताल ऑफिस में बैठकर ही कर रही है। यदि किसी किराएदार और नौकर ने अपराध किया तो वें शीघ्र ही पुलिस गिरफ्त में होंगे।

दरअसल, पुलिस कमिश्नरेट ने इसी साल 12 जून को नजर एप लांच किया है। जिसमें मकान मालिक को नजर एप डाउन तोड कर उसमें अपने किराएदारों और नौकरों की पूरी जानकारी देना अनिवार्य किया गया है। पुलिस एप के जरिये धीरे-धीरे आम जनता से नजर एप डाउनलोड कराकर उसमें किराएदार और नौकर की वांछित जानकारी भरने का आग्रह कर रही है।

पुलिस का प्रारम्भिक लक्ष्य करीब 25 हजार था। अब तक करीब 5648 मकान मालिकों ने एप पर किराएदारों और नौकरी की जानकारियां भरी हैं। हालांकि, पूर्व में भी पुलिस ने नौकर और कियाएदारों का सत्यापन करने के आदेश जारी किए थे, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर नजर एप लांच किया है। ऐसे में अब ऐप के जरिये डिटेल इकट्ठा की जा रही है।




### क्यों पड़ी जरूरत

आमतौर पर आम शहरी किसी भी किराएदार और नौकर का अतीत जाने बिना मकान किराए पर दे देता है। न तो उसका आधार कार्ड लेता है और न ही उसकी जानकारी स्थानीय थाने को देता है। मकान मालिक के पास किराएदारों की अधिक जानकारी नहीं होने के कारण पुलिस अपराधी तक देरी से पहुंचती है। यदि नौकर और किराएदार का डेटा पुलिस के पास होगा तो अपराधी बचकर निकलने में कामयाब नहीं हो पाएंगे।

### किराएदार व नौकर ने किए अपराध

**केस - 01** गोनेर रोड मच्छ की पीपली के पास पिछले दिनों महिला मंजू शर्मा की हत्या किराएदार के रिश्तेदार ने कर दी। बाद में पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि, किरारदार परिचित था। इस कारण रिश्तेदार पकड़ा गया।

**केस - 02** मालवीय नगर में एक एनआरआई महिला की हत्या उसके बिहार निवासी नौकर ने अपने साथी के साथ मिलकर की थी। हत्या करने के बाद दोनों आरोपी बिहार चले गए थे। बाद में उन्हें गिरफ्तार किया गया।

> हर मकान मालिक को किराएदार और नौकर की पूरी जानकारी नजर एप पर डालनी चाहिए। यदि जानकारी पुलिस के पास होगी तो अपराधी को डर रहेगा कि उनकी पूरी जानकारी पुलिस के पास है, पुलिय उन पर नजर रख रही है।
>
> **कुंवर राष्ट्रदीप,** एडिशनल पुलिस कमिश्नर

**फिजूल खर्ची रोकने के लिए उठाए कदम**

## अब बैठक में कचौरी समोसे नहीं, मिलेंगे रोस्टेड मूंगफली, चने-मखाने





**बेधड़क** | जयपुर

अब सरकारी विभागों की बैठकों में अधिकारी और कर्मचारी कचौरी-समोसे समेत अन्य पसंद के जायके का लुत्फ नहीं ले सकेंगे। इस दौरान ना ही महंगी चाय-कॉफी मंगवाई जा सकेगी। आदेश के अनुसार मेन्यू तय है, जिसमें शामिल चीजों की मात्रा और कीमतें भी तय कर दी गई है।

वित्त विभाग के शासन सचिव देबाशीष पृष्टी की ओर से यह आदेश जारी किया गया है। इस सरकारी आदेश को वित्त विभाग की तरफ से मुख्यमंत्री कार्यालय, गवर्नर हाउस, सरकार के मंत्रियों, विधानसभा और मुख्य सचिव कार्यालय सहित सभी आईएएस अधिकारियों और विभागीय अफसरों को भिजवाया गया है। सरकारी बैठकों में खानपान के नाम पर हो रहे अनावश्यक खर्च पर लगाम कसने के मकसद से फैसला किया गया है। बैठकों में सरकारी मद से जलपान पर मोटी रकम प्रदेशभर में खर्च हो रही थी। ऐसे में सरकार ने यह आदेश जारी किए हैं। चाय-नाश्ते के नाम पर फिजूलखर्ची रोकने के साथ साथ वित्त विभाग ने सरकारी कर्मचारियों की सेहत का पूरा ख्याल रखा है। आदेश के मुताबिक कचौरी-समोसे नहीं मंगवाए जा सकेंगे। हेल्दी नाश्ते में रोस्टेड चना, मूंगफली, मखाने और मल्टीग्रेन डाइजेस्टिव बिस्किट ही मिलेंगे। प्लेट में 100 ग्राम रोस्टेड चना के 18 रुपये, 100 ग्राम मूंगफली के 29 रुपये, 100 ग्राम रोस्टेड मखाने के 180 रुपये और प्रति पैकेट मल्टीग्रेन डाइजेस्टिव बिस्किट के 28 रुपये तय किए गए हैं। इसके अलावा बैठकों में अब 10 रुपये की 100 एमएल चाय, 15 रुपये की 100 एमएल कॉफी, 13 रुपये की 250 एमएल छाछ और 15 रुपये की 250 एमएल लस्सी प्रति नग या कप या पैकेट मंगाई जा सकेगी।

**डीलर मीट में 300 से अधिक व्यापारी हुए शामिल**

## टॉप डीलर्स को मिला एक्सीलेंस अवॉर्ड

**बेधड़क** | जयपुर

ओसवाल सोप ग्रुप की ओर से आयोजित की गई डीलर मीट-2024 में समूह के 300 से अधिक व्यापारियों ने भाग लिया। दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत निर्देशक हर्ष जैन, अचल जैन, गौरव जैन, संजय जैन, सौरभ जैन, श्रेणिक जैन और हिमांक जैन ने गणेश जी के समक्ष दीप प्रवज्वलित कर की।



व्यापारियों को संबोधित करते हुए एमडी अजय जैन ने अपने अनुभव उनके साथ बांटे और उन्हें व्यापार में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। ओसवाल डीलर मीट में देश भर से ओसवाल सोप ग्रुप से जुड़े डीलर, प्रमोटर, सप्लायर एवं वेंडर शामिल हुए। आगरा के फतेहबाद रोड स्थित होटल जेपी पैलेस में आयोजित इस मीट में देश के टॉप डीलर्स को एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

दूसरे दिन सुबह ताज का दीदार और शाम को मुंबई के कलाकारों द्वारा सूफी संगीत की शाम का आयोजन किया जाएगा। जैन ने बताया कि ओसवाल सोप ग्रुप राजस्थान के सबसे पुराने ब्राण्ड में से एक है। अब समय के साथ खुद को परिवर्तित करते हुए आज भी ये उपभोक्ताओं की पहली पसंद बना हुआ है।

**KCC लोन की एनओसी नहीं देने पर सुसाइड का प्रयास**

## बैंक में युवक ने पेट्रोल डाल खुद को लगाई आग

**बेधड़क** | जयपुर

एक युवक ने मंगलवार शाम चौमूं शहर के थाना मोड चौराहे पर स्थित एचडीएफसी बैंक में पेट्रोल डालकर सुसाइड का प्रयास किया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने बड़ी मुश्किल से उसे बचाया। पुलिस सुसाइड करने वाले युवक को डिटेन कर थाने ले आई।



चौमूं थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि पुलिस सुसाइड करने वाले युवक को डिटेन करके थाने लेकर आई और पूछताछ की गई। सुसाइड का प्रयास करने वाला युवक गोविंदगढ़ के सीतारामपुरा गांव निवासी राजेंद्र निठारवाल है। पीड़ित युवक राजेंद्र निठारवाल ने बैंककर्मियों पर केसीसी लोन की एनओसी नहीं देने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि पिताजी व भाई के नाम से 2 लाख 52 हजार रुपए का केसीसी लोन चल रहा था। एचडीएफसी बैंक में लोन का पेमेंट भी जमा भी करवा दिया गया, लेकिन बैंककर्मियों को पेमेंट जमा कराने के बावजूद भी एनओसी नहीं दे रहे। थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि फिलहाल युवक से पूछताछ की जा रही है। प्रथम दृष्टिया जांच में केसीसी लोन पेमेंट जमा कराने के बावजूद भी बैंककर्मियों द्वारा एनओसी नहीं देने की बात सामने आई है। इस मामले को लेकर एचडीएफसी बैंककर्मियों से भी पूछताछ की जा रही है। वहीं, बैंक के रिकवरी मैनेजर बलवीर शर्मा ने मामले की जानकारी देने से इनकार कर दिया।

**काम में देरी पर 15 अधिकारियों-कर्मचारियों को नोटिस**

## निगम में ई-फाइल सिस्टम, इसके बावजूद लटका रहे लोगों के काम

**बेधड़क** | जयपुर

ऑनलाइन काम में लेन-देन के चलते देरी करने के मामले में जेडीए ने 23 अधिकारियों को नोटिस जारी किया था। इसके बाद अब निगम ने ई फाइल सिस्टम के बावजूद काम में देरी के चलते 15 अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है।

ई-फाइल सिस्टम के बावजूद आमजन के निगम में काम समय पर नहीं हो रहे थे, लगातार मिल रही शिकायतों के बाद कमिश्नर रुक्मणी रियाड़ ने 15 अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है।

नगर निगम ग्रेटर में हाल ही में आयोजिक एक रिव्यू बैठक में यह बात सामने आई थी कि जो फाइल एक दिन यानी 24 घंटे के अंदर निकलनी चाहिए। उसे अधिकारी 7 दिन में भी नहीं निकाल रहे। रिव्यू बैठक की रिपोर्ट के अनुसार निगम की कई शाखाएं या जोन ऐसे हैं, जहां ई-फाइल का डिस्पोजल टाइम (क्लीयर करने का औसत समय) 190 घंटे से भी ज्यादा का आ रहा है। प्लानिंग शाखा में तो एक बाबू ऐसे हैं, जो एक फाइल को निकालने के लिए 700 घंटे से भी ज्यादा का समय ले रहे हैं। ये तब है जब फाइल ऑनलाइन आपके सिस्टम पर दिख रही है।

### देरी से काम करने में सबसे आगे प्लानिंग जोन फर्स्ट के अधिकारी-कर्मचारी

आमजन के काम को देरी से करने में सबसे आगे प्लानिंग जोन फर्स्ट के अधिकारी-कर्मचारी है। जहां आमजन को उनके आवासों या जमीन के पट्टे जारी करने से लेकर, उनके नाम ट्रांसफर समेत अन्य जरूरी काम किए जाते है। रिव्यू बैठक की रिपोर्ट के अनुसार नगर निगम मुख्यालय स्थित प्लानिंग फर्स्ट सेंक्शन के अधिकारियों-कर्मचारियों को हर एक फाइल क्लीयर करने में एक सप्ताह या उससे भी ज्यादा दिनों का समय लग रहा है। यहां फाइलों के डिस्पोजल का एवरेज टाइम सबसे ज्यादा 190.33 घंटे का आ रहा है।




### एडिशनल कमिश्नर का काम सबसे तेज

रिपोर्ट के अनुसार एडिशनल कमिश्नर और उनके स्टाफ के यहां फाइल डिस्पोजल का समय सबसे कम है। यहां हर फाइल औसतन 22 मिनट में क्लीयर हो रही है। वहीं कमिश्नर के यहां औसत डिस्पोजल टाइम साढ़े 4 घंटे, डिप्टी कमिश्नर मुख्यालय का औसत टाइम पौने 5 घंटे, जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रेशन सेंक्शन का 1 घंटे और अधिशाषी अभियंता प्रोजेक्ट फर्स्ट के यहां डिस्पोजल टाइम 1.30 घंटे का आ रहा है।

### पशु चिकित्सा अधिकारी सबसे फिसड्डी

रिपोर्ट के अनुसार पशु प्रबंधन शाखा में पशु चिकित्सा अधिकारी के तौर नियुक्त हरेन्द्र सिंह चिराणा फाइल डिस्पोजल में सबसे फिसड्डी हैं। चिराणा के सेक्शन में आने वाली हर फाइल को क्लीयर करने में 73 घंटे से ज्यादा का समय लग रहा है। इसी तरह विजिलेंस में नियुक्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अजय कुमार शर्मा इस मामले में दूसरे नंबर पर हैं, जिनके यहां फाइल डिस्पोजल 21 घंटे से ज्यादा समय में हो रहा है। सबसे कम समय में फाइल निकालने वाले अधिकारियों की सूची में पहले नंबर पर उपायुक्त हैडक्वार्टर जनार्दन शर्मा और एनयूएलएम उपायुक्त संतलाल मक्कड़ है। इनके यहां औसत डिस्पोजल टाइम 15 मिनट का आ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार प्लानिंग शाखा में एक जूनियर असिस्टेंट जितेन्द्र कुमार माथुर ऐसा है, जिसके यहां से एक फाइल 727 घंटे से भी ज्यादा समय में निकल रही है। वहीं, दूसरे नंबर पशु प्रबंधन विभाग में काम करने वाला जूनियर असिस्टेंट प्रवीण माथुर का है, जों अपने यहां आने वाली फाइल को 397 घंटे से ज्यादा समय में निकाल रहा है।

## जरूरी खबर

### फायरिंग कर हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी पकड़ा



**चूरू।** चूरू जिले की सुजानगढ़ थाना पुलिस की टीम ने फायरिंग कर हत्या के प्रयास के मामले में 10 सालों से फरार चल रहे हार्डकोर बदमाश रामदत्त उर्फ सोनू निवासी बसईघीयाराम जिला धौलपुर को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी जय यादव ने बताया कि विशेष अभियान के तहत टीम द्वारा हार्डकोर बदमाश रामदत्त उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी टॉप 10 में शामिल स्थाई वारंटी है जो फायरिंग व हत्या के प्रयास के मामले में फरार था।

### स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व विधायक से मिलेंगे धनखड़

**सीकर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सीकर में अपने एकदिवसीय दौरे के दौरान स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व विधायक रणमल सिंह से भेंट करेंगे। रणमलसिंह का जन्म 22 अगस्त,1923 को सीकर संभाग के निकटवर्ती ग्राम कटराथल में एक किसान परिवार में हुआ। सन् 1941 में उन्होंने वर्नाकुलर फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण की और शिक्षक के तौर पर नियुक्त हुए। लगभग तीन साल अध्यापक रहने के बाद आजादी के आंदोलन में भाग लेने के लिए अध्यापक पद से इस्तीफा देकर वे प्रजामंडल में शामिल हो गए आजादी के समय वे सेना में भर्ती हो गए। सन् 1962 के युद्ध में रणमल ने पुनः सेना में शामिल होकर देश की आज़ादी के लिए लड़ाई लड़ी।

### गो तस्करों ने की गो रक्षा दल पर फायरिंग



**भरतपुर।** प्रदेश में गौ-तस्करों ने मंगलवार को गौ-रक्षा दल के लोगों पर फायरिंग कर दी। करीब 6-7 राउंड फायर किए गए, जिसमें वे बाल-बाल बचें। हालांकि लगातार पीछा करने के बाद तस्कर हरियाणा राज्य की सीमा में घुस गए और फिरोजपुर झिरका इलाके में गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। गाड़ी को चेक किया तो उसमें 4 गोवंश थे। उसमें से एक की मौत हो चुकी थी। दरअसल, जानकारी के अनुसार भरतपुर, अलवर, नगर और गोवर्धन इलाके के गौ-रक्षा दल पर सुबह 4 बजे गौ तस्करों ने फायरिंग कर दी। जिसमें गौ-रक्षक बाल-बाल बचे। गौरक्षक दल गौ तस्करों की गाड़ी पीछा कर रहे थे। उन्हें सूचना मिली थी कि गौवंश को हरियाणा की तरफ लेकर जा रहे हैं।

**रंग ला रहा जिला कलेक्टर टीना डाबी का शुरू किया गया नवो बाड़मेर अभियान**

# चौबीस घंटे में बदल दी गई तन सिंह चौहान मार्ग की सूरत

**बेधड़क | बाड़मेर**

जिला प्रशासन की ओर से शहर को साफ सुथरा और मॉडल सिटी बनाने के मकसद से शुरू किया 'नवो बाड़मेर अभियान' का असर नजर आने लगा है। शहर की सुरत बदलते हुए नजर आ रही है।

अभियान के तहत भामाशाहों ने शहर की सड़कों और मार्ग और पार्क आदि को गोद लेकर साफ सुथरा और सुंदर बनाने का काम शुरू कर दिया है। इसी के तहत एक निजी कंपनी ने भामाशाह तनसिंह मार्ग को गोद लेकर उसका कायाकल्प कर दिया। जिला कलेक्टर टीना डाबी ने इसकी तारीफ करते हुए कहा कि जिस तरह दीवाली से पहले घर को साफ सुथरा किया जाता है, उसी प्रकार शहर को भी साफ सुथरा बनाना है।






### लोगों की मदद से बदली मार्ग की रंगत

समाजसेवी जोगेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि अभियान के तहत भामाशाह तनसिंह चौहान मार्ग को गोद लिया गया था। यह मार्ग काफी समय से खराब हालत में था। इस पर यहां ढाई सौ लेबर लगाए और करीब एक हजार लोगों ने सहयोग किया, तब जाकर यह काम पूरा हुआ है। करीब 500 मीटर तक डामरीकरण किया गया।

### खस्ताहाल थी मार्ग की पहले की हालत

भामाशाह तनसिंह चौहान मार्ग पर पिछले लंबे समय से सड़क टूटी हुई थी, रोड लाइट खराब थी। रोड के आसपास कंटीली झाड़ियां थी। ऐसे में इस रोड को मैसर्स तनसिंह कम्पनी की ओर से गोद लिया गया। कंपनी ने सोमवार से काम शुरू करवाया जो 24 घंटे तक चलता रहा और रोड की रंगत बदल गई। मंगलवार को कार्य पूर्ण होने पर जिला कलेक्टर टीना डाबी ने यहां काम कर रहे लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान नगर परिषद सभापति दिलीप माली, आयुक्त विजय प्रताप सिंह, समाजसेवी जोगेंद्र सिंह और राजेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने काम को सराहा

इधर, जिला कलेक्टर टीना डाबी ने भी मैसर्स तनसिंह चौहान कम्पनी के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि 24 घण्टे में सड़क मार्ग तैयार कर दिया। यह उन सभी भामाशाह के लिए प्रेरणास्पद है, जिन्होंने इस अभियान के तहत सड़कें और पार्क आदि गोद लिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी काम को करने का ठान लिया जाए तो उसे किया जा सकता है। कलेक्टर ने कहा कि दीपावली से पहले घर की तरह शहर को साफ सुथरा बनाना है। उन्होंने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था अच्छी नहीं है। इसको ध्यान में रखते हुए नवो बाड़मेर अभियान शुरू किया गया है।

### शहर को साफ सुथरा बनाने में करें सहयोग

जिला कलेक्टर डाबी ने कहा कि शहर को साफ सुथरा बनाने की व्यवस्थाएं देखने के लिए कि अधिकारियों को लगाया गया है, लेकिन इसमें आम लोगों की भागीदारी बेहद जरूरी है। लोगों से अपील करते हुए कहा कि कचरा इधर नहीं फैलाएं और शहर को साफ सुथरा बनाने में सहयोग करें।

**अलसुबह 4 बजे घटी घटना, बोलेरो के उड़े परखच्चे**

# कंटेनर ने मारी बोलेरो को टक्कर, दो की मौत, 1 घायल

**बेधड़क | बालेसर**

बालेसर में जोधपुर जैसलमेर नेशनल हाईवे संख्या 125 पर मंगलवार को एक कंटेनर ने बोलेरो कैंपर को टक्कर मार दी। हादसे तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें जोधपुर के एमडीएम अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया।

वहीं एक घायल का इलाज चल रहा है। मामले की सूचना पर बालेसर थाना प्रभारी नरपत दान चारण जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों वाहनों को कब्जे में लिया। बालेसर थाने के हेड कॉन्स्टेबल भियाराम चौधरी ने बताया कि मंगलवार को सुबह 4 बजे के आसपास एक कंटेनर जैसलमेर से जोधपुर की तरफ जा रहा था। बालेसर के पास 38 मिल की सरहद में सामने से जोधपुर से फलोदी की तरफ जा रही एक बोलेरो कैंपर आई। जिसे कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बोलेरो को परखच्चे उड़ गए। जिससे बोलेरो कैंपर में सवार तीन लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची बालेसर पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को जोधपुर के एमडीएम अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान साबिर खान (30) निवासी फलोदी और सत्तार खान (40) की मौत हो गई। वहीं एक घायल का इलाज चल रहा है। वहीं मामले को लेकर हेड कॉन्स्टेबल भियाराम चौधरी एमडीएम अस्पताल पहुंचे। जहां पर दोनों शवों को मॉर्च्युरी में रखवा दिया।






### हादसों में गई दो की जान, बुजुर्ग और युवक छिनी जिंदगी

**बीकानेर।** जिले में अलग-अलग हादसों में दो लोगों की जिंदगी चली गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बज्जू थाना इलाके में एक व्यक्ति की ट्रैक्टर से गिरने से मौत हो गई। करवड़, जोधपुर निवासी 60 वर्षीय केसूराम पुत्र मेहराम जाट ने पुलिस को बताया कि उसका भाई 55 वर्षीय मालाराम जाट आरडी 860 पर परबतसिंह के खेत में गायों की रखवाली करता था। 22 सितबंर को सुबह 11 बजे को नत्थूराम रेवंताराम के साथ ट्रेक्टर पर बैठकर आरडी 961 जा रहे थे। अचानक गड्ढा आने पर मालाराम ट्रेक्टर से गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। मर्ग की जांच थानाधिकारी आलोकसिंह करेंगे।

#### कीटनाशक के छीड़काव के बाद मौत

गजनेर थाने में नोखा दैया निवासी महेंद्रसिंह पुत्र कालूसिंह राजपूत ने रिपोर्ट देते हुए पुलिस को बताया कि उसका भाई प्रेमसिंह 21 सितंबर को शाम 4 बजे खेत में कीटनाशक का छिड़काव करते हुए अचानक बेहोश हो गया। परिजन उसे तुरंत पीबीएम अस्पताल लेकर गए और भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे आईसीयू में शिफ्ट कर दिया। 22 सितंबर को करीब दोपहर 2 बजे डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच थानाधिकारी राकेश स्वामी को दी है और शव का पीएम करवा परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

**घटना का सीसीटीवी आया सामने**

# जमीनी विवाद में बुजुर्ग की लाठी से पीट-पीट कर हत्या



**बेधड़क | डूंगरपुर**

जिले के चितरी थाना क्षेत्र के बडगी गांव में जमीनी विवाद में दो पक्ष में टकराव हो गया। इस दौरान एक पक्ष के युवक ने दूसरे पक्ष के बुजुर्ग की लाठी से पीट-पीट कर हत्या कर दी।

दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें दोनों पक्षों के आपस में भिड़ने व बुजुर्ग पर हमले की घटना कैद हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जिले के चितरी थाने के थानाधिकारी परमेश्वर पाटीदार ने बताया कि बडगी निवासी संगीता पाटीदार ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया गया कि उनके पट्टेशुदा जमीन पर बडगी निवासी उनके पड़ोसी सिराग पाटीदार, वंशिका पाटीदार, गीता, प्रियंका और धापू पाटीदार निर्माण कार्य करवा रहे थे। जिस पर उसने और उसके 72 वर्षीय ससुर मानजी पाटीदार ने निर्माण कार्य करने के लिए मना किया और उन्हें रोकने की कोशिश की। जिस पर सिराग पाटीदार सहित अन्य लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

इस बीच संगीता के ससुर मानजी पाटीदार भी बीच-बचाव के लिए आए। इस दौरान सिराग ने उन पर लाठी से हमला कर दिया। जिस पर उनके सिर व शरीर पर गहरी चोट लगी, जिससे वह गंभीर घायल हो गए। जिन्हें सागवाडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उपचार के दौरान मानजी की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को सागवाडा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

**संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने बैठक में दिए निर्देश**

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए 30 सितंबर तक सघन अभियान चलाएं

**बेधड़क | सीकर**

संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने मंगलवार को संभागीय आयुक्त कार्यालय में विद्युत, पेयजल, चिकित्सा विभाग के संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए 30 सितम्बर तक सघन अभियान चलाकर जहां पर गंदा पानी एकत्रित हो वहां पर एन्टी लार्वा गतिविधियां की जायें ताकि मच्छर नहीं पनपें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिए कि विद्युत के घरेलू कनेक्शन जिनमें सर्विस लाईन आवश्यकता नहीं हो वे कनेक्शन 25 सितम्बर तक करना सुनिश्चित करें तथा जिन घरेलू कनेक्शन में सर्विस लाईन की जरूरत हो उनमें विद्युत कनेक्शन 15 अक्टूबर तक आवश्यक रूप से करवाये ताकि उपभोक्ताओं को विद्युत की आपूर्ति हो सके। संभागीय आयुक्त सिंघवी ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया कि पेयजल के लिकेज तीन दिवस में अभियान चलाकर दुरस्त करें ताकि दूषित पानी एकत्रित होने से मच्छर नहीं पनपें और मौसमी बीमारियां नहीं फैलें। संभागीय आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के दस वर्ष पूरे होने पर 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में संभाग के सभी सरकारी कार्यालय की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**प्रशासन और प्रतिनिधिमंडल में बनी सहमति**

# वीर तेजाजी सर्किल को लेकर चल रहा गतिरोध थमा

**बेधड़क | चाकसू**

कस्बे में मंगलवार की देर शाम को गरुड़वासी मोड़ पर वीर तेजा सर्किल का चल रहा विवाद प्रशासन और जाट समाज प्रतिनिधिमंडल के बीच आपसी समझाईश के बाद खत्म हो गया है। वहीं विवाद खत्म होने के बाद जाट समाज ने धरना हटा लिया है और उनकी मांगे पूरी होने पर उन्होंने डीजे की धूनों पर जमकर नृत्य कर खुशी मनाई। वहीं धरने समाप्त होने से प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। कांग्रेस नेता एवं जाट समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता हरिनारायण चौधरी, रानी चौधरी ने बताया कि प्रशासन व जाट समाज के प्रतिनिमंडल के बीच चली लम्बी मीटिंग में सर्वसम्मति से तय किया गया कि कोटखावदा मोड़ अम्बेडकर सर्किल से गरुड़वासी बाईपास तक के मौजूदा रोड अब वीटी रोड (वीर तेजाजी रोड) कहलाएगा और गरुड़वासी बायपास कट के पास अब तेजाजी सर्किल बनेगा। इसके लिए प्रशासन की ओर से बिजली ग्रेड के समीप 1 हजार वर्ग गज जमीन देने की सहमति बन गई है। वहीं नगरपालिका ने वीर तेजा सर्किल का जो बोर्ड उखाड़ा था वह भी वापस जाट समाज को दे दिया है। यहां बता दे कि तेजा सर्किल को लेकर कई बार मीटिंगों को दौर चले। वहीं मंगलवार की शाम को जिला उच्चधिकारियों की मौजूदगी में उपखण्ड अधिकारी शिवचरण शर्मा, एसीपी सुरेन्द्र सिंह व जाट समाज के हरिनारायण चौधरी व रानी चौधरी सहित अन्य प्रतिनिधिमण्डल के बीच वार्ता चली। जिसमे सर्व सम्मति से सहमति बन गयी है।




**कृष्णगंज स्थित गणेश मंदिर की घटना, बचाने पहुंचे ग्रामीण पर भी किया हमला**

# चांदी का कड़ा लूटने के लिए पुजारी की हत्या, 20 जगह चाकू से गोदा

**बेधड़क | सिरोही**

सदर थाना क्षेत्र के कृष्णगंज स्थित गणेश मंदिर में सोमवार रात को लूट के इरादे से मंदिर में घुसे बदमाशों ने धारदार हथियार (दरांती) से बुजुर्ग पुजारी की हत्या कर दी। बदमाशों ने पुजारी के शरीर को 20 जगह से गोद दिया। पुजारी को बचाने आए ग्रामीण पर भी बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को डिटेन कर लिया है। सिरोही सदर थाना अधिकारी हंसराम सीरवी ने बताया कि दशकों पुराने गणेश मंदिर के पुजारी सेलम भारती महाराज (82) की बीती रात कुछ बदमाशों ने धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। पुजारी के चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी मानाराम देवासी बचाने पहुंचा तो आरोपियों ने उस पर भी वार कर दिया। उसने किसी तरह से अपने आप को बचाया और चिल्लाते हुए मदद मांगने लगा। उसकी आवाज सुनकर अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे।



### भागते दूसरे आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

वारदात के दौरान ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़ लिया। जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों ने पकड़े गए आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने गंभीर घायल पुजारी को सिरोही जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने पुजारी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को सिरोही हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव ग्रामीणों को सौंप दिया।



### चांदी का कड़ा लूटने आए थे आरोपी

सिरोही सदर थाना अधिकारी ने बताया कि पुजारी के शरीर पर करीब 20 छोटे-बड़े घाव मिले हैं। इस मामले में पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर स्पेशल टीम का गठन किया गया था। जिसने मौके से फरार आरोपी को भी हिरासत में ले लिया है। दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि बदमाशों ने पुजारी के हाथ से चांदी का कड़ा लूटने की नीयत से वारदात को अंजाम दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि पुजारी सलम भारती महाराज करीब 30 साल से गणेश मंदिर में सेवा-पूजा कर रहे थे। वे यहीं रहते थे।

## केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में भारतीय विधिशास्त्र विद्याशाखा की ओर से पाठ्य- अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

# भारतीय विधिशास्त्र और संस्कृत का संगम देगा देश को नई दिशा

**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में भारतीय विधिशास्त्र विद्याशाखा द्वारा पाठ्य- अभिमुखीकरण कार्यक्रम का सम्पूर्ति समारोह हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में संस्कृत निष्ठ पारंपरिक विधि का प्रवेश विचारों को गति व उत्कृष्टता प्रदान करेगा ।



कार्यक्रम के अध्यक्ष केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर के निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा ने समाज में अधिवक्ता की उपदेयता एवं आवश्यकता पर बल देते हुए उत्तम व आदर्श अधिवक्ता बनने के लिए जागरूक किया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला न्यायाधीश राजेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि कानून का उद्भव सृष्टि के प्रारंभ से ही हुआ है तथा इस कानून को जानना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सारस्वत अतिथि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर की पूर्वनिदेशक प्रो. भगवती सुदेश पारंपरिक विधिशास्त्र की उपादेयता को बताते हुए नैतिक पक्ष पर जोर देने को कहा।

विशिष्ट अतिथि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर के सह निदेशक प्रो. वाई एस रमेश ने विधिशास्त्र के छात्रों को संस्कृत ज्ञान संवर्धन के लिए प्रेरित किया। विधिशास्त्र एवं धर्मशास्त्र की विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम की संयोजक प्रो. कृष्णा शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह एक अनूठा संगम है जो देश को नई दिशा देगा। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पूजा सुमन ने किया एवं संचालन डॉ. अंकित दाधीच द्वारा किया गया।

### चारों पुरुषार्थों की सिद्धि प्राप्ति धैर्य से

**जयपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के जयपुर परिसर में मंगलवार को श्रृंगार प्रकाश की द्विदिवसीय संगोष्ठी का उद्घाटन हुआ। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा ने की। उद्घाटन में मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर के निदेशक प्रो. रमाकांत पाण्डेय उपस्थित हुए और सारस्वत अतिथि के रूप में संस्कृत शिक्षा, राजस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. सुरेन्द्र कुमार शर्मा उपस्थित हुए। इसी विश्वविद्यालय की साहित्य विद्याशाखा के समन्वयक प्रो. रामकुमार शर्मा ने श्रृंगार प्रकाश का विषयोपस्थापन किया और उसके महत्व को बताते हुए उसमें निहित सभी तत्त्वों का विवेचन किया कि श्रृंगार प्रकाश में मुख्यतः नायक के बारे में बताया गया है जो कि चार प्रकार के हैः धीरोदात्त, धीरोद्धत, धीरललित, धीरप्रशान्त। चारों नायकों में धीर अर्थात् धैर्य विद्यमान है, जो समय के अनुसार उदात्त, उद्धत, ललित और प्रशान्त हो जाता है।

#### मनुष्य को हर अवस्था में धैर्य की आवश्यकता

आज के समय में इस बात को समझने की महती आवश्यकता है कि मनुष्य को हर अवस्था में धैर्य रखना चाहिए, मनुष्य स्वल्प पुरुषार्थ से अधिक फल की चेष्टा करते हैं, फलप्राप्ति न होने पर आत्महत्या जैसे अधम कार्य करने को उद्यत होते हैं। श्रृंगार प्रकाश का प्रतिपाद्य विषय हमें बहुत बड़ी शिक्षा प्रदान करता है। उद्घाटन सत्र के बाद दो सत्रों का आयोजन किया गया, प्रथम ऑफलाइन और द्वितीय ऑनलाइन। प्रथम सत्र की अध्यक्षता प्रो. सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने तथा द्वितीय सत्र की की अध्यक्षता काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से प्रो. उमाकांत चतुर्वेदी ने की। दोनों सत्रों में अनेकों शोधार्थियों एवं आचार्यों ने अपने अपने शोधपत्र का वाचन किया।

## Yuva स्टोरीज

### कौशल रोजगार व उद्यमिता शिविर 26 सितंबर को

**बेधड़क** | जयपुर

उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय जयपुर की ओर से गुरुवार को सांभरलेक स्थित राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर एवं करियर सेमिनार का आयोजन होगा।

उप-प्रादेशिक रोजगार कार्यालय की उप निदेशक नवरेखा ने बताया कि सुबह 10 बजे से आयोजित होने वाले रोजगार शिविर में रोजगार, स्वरोजगार, प्रशिक्षण, करियर मार्गदर्शन से संबंधित निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के करीब 45 संस्थान योग्यता के आधार पर उम्मीदवारों का चयन करेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग की वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2024-25 के क्रियान्वयन के तहत आयोजित शिविर में बडी संख्या में बेरोजगार उम्मीदवार भाग लेंगे एवं निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों द्वारा चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लेटर देकर अन्तिम चयन किया जाएगा।

### PM श्री विद्यालयों के संस्था प्रधानों की कार्यशाला आज

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद अविचल चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश के 639 पीएम श्री विद्यालयों के संस्था प्रधानों की एक दिवसीय कार्यशाला 25 सितंबर को एसएमएस मेडिकल कॉलेज, ऑडिटोरियम में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर मुख्य अतिथि होंगे तथा अध्यक्षता शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल करेंगे।

### अब 22 से 24 अक्टूबर के बीच सीईटी सीनियर सेकेंडरी

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) सेकेंडरी लेवल की तारीख में बदलाव किया है। प्रदेश के 25 जिलों में अब 22, 23 और 24 अक्टूबर को समान पात्रता परीक्षा सेकेंडरी लेवल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शामिल होने के लिए अभ्यर्थी 1 अक्टूबर तक कर्मचारी चयन बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई कर सकेंगे। दरअसल, राजस्थान में वनपाल, छात्रावास अधीक्षक, कॉन्स्टेबल जैसी 12 भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए कर्मचारी चयन बोर्ड पात्रता परीक्षा का आयोजन करने जा रहा है। जिसमें 12वीं पास कर चुके अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है। इससे पहले सीईटी सेकेंडरी लेवल का आयोजन 23 से 26 अक्टूबर 2024 के बीच प्रस्तावित थी।

### नारायण दास के जन्मदिन पर मनाया अमृत महोत्सव



**बेधड़क** | जयपुर

पद्म श्री नारायण दास महाराज के अमृत महोत्सव जन्मदिवस गोपालबाड़ी स्थित नृसिंह बगिची में ब्रह्मपीठाधिश्वर काठीया परिवाराचार्य स्वामी रामरतनदास महाराज के सानिध्य में बड़ी धूम धाम से मनाया गया। रामरतन दास महाराज ने पूज्य गुरुदेव नारायण दास महाराज के चरण पादुका की पूजा अर्चना आचार्य दिनेश त्रिवेदी बाड़ीजोड़ी ने करवाई। उपेन्द्र गंगावत व यशपाल पारासर ने बताया कि इस अवसर नारायण दास महाराज की दिल्ली एवं कलकत्ता के भव्य फूलों से फूल बंगला झांकी सजाई गई। भजन सम्राट गौ ऋषि प्रकाश दास महाराज ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंन्दाचार्य, महाराज स्वामी हरिदास महाराज, भींवा दास महाराज, सियाराम दास महाराज, कानादास महाराज, जुगलकिशोर शरण महाराज, केशव दास महाराज, बलराम दास महाराज, पूर्व मंत्री डॉ बीड़ी कल्ला, सीताराम अग्रवाल, युडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, इस अवसर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों श्रद्धांलुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की यह जानकारी उपेन्द्र गंगावत यशपाल पारासर ने ने दी।

## शिक्षा मंत्री ने इच्छित स्थान पर किया ट्रांसफर

# कैंसर पीड़ित शिक्षिका और दिव्यांग टीचर को दी राहत



**बेधड़क** | जयपुर

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने अपने जनता दरबार में कैंसर पीड़ित परित्यक्त शिक्षिका और दोनों पैरों से दिव्यांग शिक्षक को बड़ी राहत दी। मेडिकल सर्टिफिकेट और परिस्थितियों के आधार पर दोनों शिक्षकों को इच्छित स्थान पर ट्रांसफर करने के निर्देश जारी किए हैं।

राजधानी में शिक्षा मंत्री के सरकारी आवास पर मंगलवार को कैंसर पीड़ित परित्यक्त अध्यापिका मंजू जोधावत की पुत्र उनकी फरियाद लेकर पहुंचे। मंजू के पुत्र ने मंत्री दिलावर को बताया कि उनकी माता का जयपुर के भगवान महावीर चिकित्सालय में कैंसर का ऑपरेशन किया गया और वर्तमान में उनका इलाज चल रहा है। गंभीर रूप से बीमार उनकी माता को इंदिरा कॉलोनी घुघरा अजमेर से 60 किलोमीटर दूर सिलोर पंचायत समिति में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरगांव जाना पड़ता है। ऐसे में उन्होंने गुहार लगाई कि उनकी अवस्था को देखते हुए उनका स्थानांतरण घुघरा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय नाचन बावड़ी में कर दिया जाए। इस पर मंत्री मदन दिलावर ने कैंसर पीड़ित शिक्षिका के मेडिकल सर्टिफिकेट के आधार पर उसका ट्रांसफर इच्छित स्थान पर करने के निर्देश जारी किए।

### दिव्यांग नाहर सिंह को दी किशनगढ़ से कोटपूतली में नियुक्ति

इसी तरह तृतीय श्रेणी लेवल-2 अध्यापक नाहर सिंह रावत अजमेर जिले के किशनगढ़ ब्लॉक में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लोहारिया में कार्यरत हैं। नाहर सिंह दोनों पैरों से दिव्यांग हैं और घुटनों के बल चलने को विवश हैं। मंगलवार को नाहर सिंह शिक्षा मंत्री के आवास पर पहुंचे और बताया कि दिव्यांग होने के कारण उन्हें शारीरिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। वो अकेले रहते हैं, ऐसे में यदि बीमार भी होते हैं तो उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है। वो न तो ठीक प्रकार से रह पा रहे हैं और न ही विद्यालय में उचित रूप से अपनी सेवाएं दे पा रहा हैं। नाहर सिंह की स्थिति देखकर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भावुक हो गए और उन्होंने दिव्यांग नाहर सिंह को तत्काल उन्के इच्छित स्थान कोटपूतली ब्लॉक के पनियाल स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाणी हरदेव गुर्जर में करने के निर्देश दिए।

### भांड जाति के उत्थान के लिए काम करेगी सरकार: पंचायती राज मंत्री

**जयपुर।** भांड समाज अति पिछड़े जाति है। इसके उत्थान के लिए सरकार काम करेगी और जन कल्याणकारी योजना का लाभ भांड समाज के लोगों को दिलाया जाएगा। यह कहना है पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर का। दिलावर आज मंगलवार को यहां ग्राम पंचायत मुंडिया रामसर, पंचायत समिति झोटवाड़ा,जयपुर में भांड समाज विकास समिति द्वारा आयोजित सम्मान समारोह मे बोल रहे थे। मंत्री ने कहा कि ऐसे परिवार जिनके पास रहने की जगह नहीं है। उनको सरकार निशुल्क भूखंड देने जा रही हैं। ऐसे लोगों को चिन्हित कर सूची बनाई गई है। किंतु भांड समाज घुमंतू जातियों की सूची में नहीं आता है, परंतु यह समाज अत्यंत गरीब और पिछड़ा समाज है जो लोगों का मनोरंजन कर अपना पेट पलता है। ऐसे समाज को आगे लाना हमारी सरकार की जिम्मेदारी है। घुमंतु जाति के निशुल्क आवासीय पट्टे देने के बाद भांड जाति के लोगों को भी निशुल्क आवासीय पट्टे देंगे। साथ ही प्रधानमंत्री से आग्रह कर ऐसे लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान बनाने के लिए सहायता राशि भी दिलवाएंगे। मंत्री दिलावर ने कहा कि अभी तक की जो सूची बनी है उसमें 50000 के करीब परिवार शामिल है। फिलहाल गांव में जमीन की समस्या आ रही है। किंतु हमने तय किया है कि हम गरीब लोगों को निशुल्क रहने की जगह देंगे । इसके लिए जिन जमीनों पर वर्षों से अतिक्रमण जमा हुआ है उनको मुक्त कराया जाएगा तथा जरूरत पड़ी तो चारागाह की भूमि को भी आवासीय में परिवर्तित कराकर घुमंतु जाति के लोगों को पट्टे दिए जाएंगे। कार्यक्रम में सुप्रिया कपूरिया, बीडीओ, भूरी देवी, सरपंच मुंडिया रामसर, मदन चौधरी, पंचायत समिति सदस्य तथा कमला देवी महिला अध्यक्ष भांड समाज मंचासीन थे ।

## शेखावाटी विवि में राष्ट्रीय विचार संगोष्ठी

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार वर्तमान में भी प्रासंगिक: डॉ. शर्मा



**बेधड़क** | सीकर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय विचार संगोष्ठी आयोजित की गई। 'भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय' विषय आयोजित संगोष्ठी को देशभर से आए विद्वतज्जनों ने संबोधित किया। शुरुआत में कुलपति प्रो (डॉ.) अनिल कुमार राय ने आगंतुक मेहमानों का शाल, स्मृति चिन्ह और श्रीफल भेंटकर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि एकात्म मानव दर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी प्रासंगिक है और उन्हें हम सब को जीवन में अपनाना चाहिए। इस अवसर पर सांगलिया पीठ के अभा. पीठाधीश्वर संत जय साहेब ओमदास महाराज ने भी आशीर्वचन प्रदान किए। कुलपति प्रो (डॉ.) अनिल कुमार राय ने बताया कि विशिष्ट अतिथि राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण, जयपुर के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि वाकई पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रणेता थे। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा को बहुत आगे बढ़ाया। अध्यक्षता पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति के जयपुर के अध्यक्ष प्रो. मोहन लाल छीपा ने की। उन्होंने पंडित जी के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला और की अनुछुए पहलुओं से रूबरू कराया। इस अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान दिल्ली के प्रधान सचिव अतुल जैन और प्रोफेसर कौशल किशोर मिश्रा ने भी विचार व्यक्त किए।कुलपति प्रो (डॉ.) अनिल कुमार राय ने बताया कि ने इस अवसर पर शोधार्थियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी पर शोध सार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर वैदिक वाग्विद्या और पंडित पर केंद्रित प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. महेश गुप्ता और डॉ. अक्षांश भारद्वाज थे। कुलसचिव राकेश कुमार गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डिप्टी रजिस्ट्रार, एकेडमिक रविंद्र कटेवा भी मौजूद रहे।

#### आज आएंगे उपराष्ट्रपति व राज्यपाल

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में 25 सितंबर को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आएंगे। पंडित दीनदयाल उपाधाय की 108वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपराह्न 3.05 बजे पंडित की प्रतिमा का अनावरण और ज्ञान उद्यान का लोकार्पण करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ.) अनिल कुमार राय ने बताया कि उपराष्ट्रपति तीन बजे 'एक पेड़,मां के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधारोपण करेंगे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवतरण दिवस समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल हरिभाऊ बागडे करेंगे। विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और एकात्म मानव दर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. महेश चन्द्र शर्मा होंगे।

## सफाई अभियान | वीजीयू में स्वच्छता कार्यक्रम में सांसद मंजू शर्मा ने कहा...

# सप्ताह में एक दिन सफाई कर बने अच्छे नागरिक

**बेधड़क** | जयपुर

भारत सरकार के युवा मामले में खेल मंत्रालय के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के 55 वें स्थापना दिवस पर विवेकानंद ग्लोबल विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजनाएं इकाइयों की ओर से स्वच्छता की सेवा, स्वभाव सेवक संस्कार सेवा के तहत विश्वविद्यालय परिसर में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता कार्यक्रम किया।




इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर शहरी क्षेत्र से सांसद डॉ. मंजू शर्मा ने किया। मंजू शर्मा ने स्वयंसेवकों से अपील करी की सप्ताह में एक दिन सफाई का कार्य अपने स्तर पर करें। स्वयं को और दूसरों को इसके लिए प्रेरित करें और एक अच्छे नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं। इसी कड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय जयपुर के निदेशक एसपी भटनागर जी उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों को शपथ के माध्यम से अपने जिम्मेदारी का निर्माण करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सीईओ इंजीनियर ओमकार बगड़िया डीन इंजीनियरिंग डॉक्टर बलदेव सिंह एवं डीन एग्रीकल्चर डॉक्टर होशियार सिंह उपस्थित रहे।

### एनएसएस से राष्ट्रीय निर्माण में निभाएं अपनी बेहतर भूमिका

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस को मनाया। इस सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर गोवर्धन लाल शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों से राष्ट्रीय निर्माण में अपनी भूमिका किस तरीके से अदा कर सकते हैं, उसकी चर्चा की। साथ ही वसुदेव कुटुंबकम की भावना से प्रेरित होकर कार्य करने को कहा। वर्तमान में विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की 6 इकाइयां कार्यरत है जो सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से समाज प्रेरणादायक कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहती है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सुधीर वर्मा, विश्वविद्यालय कार्यक्रम समन्वय राष्ट्रीय सेवा योजना में सभी स्वयंसेवकों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में एसओसी इंचार्ज कृष्णानंद, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महावीर प्रसाद ओला, डॉ शंकर बिजानिया, रक्षिता राठौड़ भी उपस्थित रहे।



# क्वाड के मंच से साझा बयान में चीन को चेतावनी



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अमेरिका के डेलवेयर के विलमिंगटन में क्वाड (क्वाड्रिलेटरल सेक्युरिटी डायलॉग) देशों का ऐतिहासिक सालाना लीडर्स समिट संपन्न हो गया। इस समिट में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा क्वाड के सदस्य देशों मसलन अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने शिरकत की। सदस्य देशों ने अपने साझा बयान में दक्षिण चीन सागर का जिक्र करते हुए दो टूक कहा कि 'हम पूर्वी दक्षिण चीन सागर के हालात को लेकर चिंतित हैं और सभी को अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करना चाहिए।'

उल्लेखनीय है कि क्वाड देशों का इशारा उस चीन की ओर है जो दक्षिण चीन सागर में अपनी दादागिरी दिखा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने अनौपचारिक बातचीत के दरम्यान कहा कि चीन क्वाड देशों की परीक्षा ले रहा है। इसके अलावा सदस्य देशों ने आतंकवाद और हिंसक चरम पंथ की भी जमकर निंदा की। साथ ही इससे निपटने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता भी जतायी। भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कहा कि क्वाड समूह के देश किसी देश के खिलाफ नहीं है। बल्कि हम सभी कानून पर आधारित इंटरनेशनल सिस्टम, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति सम्मान और मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान के समर्थन में हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि क्वाड समूह किसी भी ऐसी एकतरफा कार्रवाई का दृढ़ता से विरोध करता है, जो बल अथवा दबाव के जरिए यथास्थिति को बदलने की कोशिश करता है। किसी से छिपा भी नहीं है कि चीन पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है।

वहीं वियतनाम, मलेशिया, फिलीपींस, ताइवान और ब्रुनेई अपना-अपना दावा करते हैं। चीन यहां नकली द्वीप बनाकर अपने सैनिकों को तैनात कर रहा है। इसी खतरे को भांपते हुए क्वाड के सदस्य देशों ने रणनीति के तहत इस क्षेत्र में संतुलन बनाए रखने की नीति में तेजी लाई है। देखें तो क्वाड के सदस्य देशों में कोई ऐसा नहीं है जिसका चीन से तनातनी न हो। बहरहाल, दक्षिण चीन सागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्वाड देशों की नई गोलबंदी से चीन उत्तेजित है और नाराजगी जाहिर करते हुए बार-बार कह रहा है कि क्वाड देश इस क्षेत्र में तनाव बढ़ा रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि इस क्षेत्र की संप्रभुता को मिल रही चुनौती के लिए एकमात्र चीन ही जिम्मेदार है। उसके द्वारा निर्मित इस परिस्थिति से निपटने के लिए ही क्वॉड जैसे संगठन की जरुरत महसूस की गई। याद होगा 2007 में भारतीय संसद को संबोधित करते हुए जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने स्पष्ट रूप से कहा था कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उभरती सामरिक चुनौतियों से निपटने के लिए हम सभी को तैयार रहना होगा। उनकी दूरदर्शी सोच और परिकल्पना ही आगे चलकर क्वाड के गठन का आधार बनी। गौर करें तो क्वाड के गठनकाल से ही चीन की बेचैनी बढ़ी हुई है। उसे लग रहा है कि क्वाड में शामिल देश उसके खिलाफ साजिश रच रहे हैं। वह क्वाड को एक उभरता हुआ 'एशियाई नाटो' के तौर पर देख रहा है। वह जानता है कि क्वाड की मजबूती से इस क्षेत्र में उसकी मनमानी पर नियंत्रण लगेगा और समुद्र के जरिए दुनिया पर राज करने की उसकी मनोकामना पूरी नहीं होगी। यह सच्चाई भी है कि क्वाड का लक्ष्य प्रशांत महासागर, अमेरिका और आस्टेलिया में विस्तृत नेटवर्क के जरिए जापान और भारत के साथ मिलकर इस क्षेत्र में एक ऐसा वातावरण निर्मित करना है जिससे एक स्वतंत्र, खुली और समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त हो। नेविगेशन की स्वतंत्रता हो तथा ओवर-फ्लाइट एवं आसियान के निर्माण को लेकर काम किया जाए। समझना होगा कि क्वाड के सदस्य देश अपने पहले वर्चुअल सम्मेलन के दौरान ही चीन को अपने हद में रहने की सलाह दे चुके हैं। तब अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कहा था कि ऑस्ट्रेलिया के साथ चीन की आक्रामकता, जापान के सेनकाकू द्वीपों के आसपास उत्पीड़न और भारत के साथ सीमा पर तनातनी को लेकर अमेरिका किसी भ्रम में नहीं है।

> “याद होगा 2007 में भारतीय संसद को संबोधित करते हुए जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने स्पष्ट रूप से कहा था कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उभरती सामरिक चुनौतियों से निपटने के लिए हम सभी को तैयार रहना होगा।”

वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हर परिस्थितियों से निपटने को तैयार है। याद होगा गत वर्ष इसी क्षेत्र में अमेरिका समेत 13 देशों ने 'हिंद-प्रशांत आर्थिक समूह' (आईपीईएफ) व्यापारिक समझौते को आकार देकर चीन की बढ़ती दादागीरी और धौंसबाजी पर निर्णायक लगाम लगाने की कवायद की थी। इस आर्थिक ढांचे से जुड़ने वाले देशों में अमेरिका के अलावा ऑस्टेलिया, ब्रुनेई, भारत, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलिपींस, सिंगापुर, थाइलैंड और वियतनाम शामिल हैं। किसी से छिपा नहीं है कि दुनिया भर के प्राकृतिक संसाधनों पर गिद्ध दृष्टि लगा बैठे चीन इस क्षेत्र में चोरी-छिपे मछलियों का बड़े पैमाने पर शिकार कर रहा है। इस क्षेत्र में नब्बे फीसदी से अधिक मछलियों के शिकार के लिए एकमात्र बीजिंग ही जिम्मेदार है। उसके जहाज जबरन विशेष आर्थिक जोन की सीमा में प्रवेश कर जाते हैं और पर्यावरण के साथ-साथ बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान को अंजाम देते हैं। चीन की इस हरकत से सभी देश परेशान है। दूसरी ओर, वह इस इलाके में सुरक्षा बेड़ा खड़ा कर अन्य देशों की संप्रभुता और सुरक्षा को चुनौती दे रहा है। ऐसे में उस पर नकेल कसना बेहद जरूरी हो गया है। अच्छी बात है कि इस क्षेत्र के सदस्य देशों के बीच सहमति बनती जा रही है। सभी देश सैटेलाइट सिस्टम का इस्तेमाल कर चीन की हरकतों पर लगाम कसने को तैयार हैं। द्वीपीय देशों का भारत के साथ आने से चीन की बेचैनी और छटपटाहट और बढ़ेगी। दरअसल उसकी मंशा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और जापान की भूमिका को सीमित कर अपने प्रभाव का विस्तार करना है। उसे भय है कि अगर इस क्षेत्र में इन देशों की निकटता बढ़ी तो परिस्थितियां उसके प्रतिकूल हो सकती है। इसलिए और भी कि जापान 'एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग' (एपीईसी) संगठन में भारत की सदस्यता का लगातार वकालत कर रहा है। चीन अच्छी तरह जानता है कि अगर भारत इस संगठन का सदस्य बनता है तो उसकी मनमानी और विस्तारवादी नीति पर लगाम लग सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## शैलजा ने बढ़ाई सियासी धड़कन

# हरियाणा में चुनाव की धुरी बने दलित वोट



गजानन्द शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

> “राजनीतिक विश्लेषक यह मानते हैं कि कांग्रेस से दलित वोटों के छिटकने से भाजपा को फायदा होगा। शैलजा को लेकर उसकी पेशकश के पीछे का गणित भी यही माना जाता है। भाजपा के कोर मतों की गणना में ब्राह्मण व ओबीसी प्रमुख हैं। बिश्नोई व यादव मत भी उसकी गणित का हिस्सा हैं। चुनावी रणनीतिकार व विश्लेषक भी यह मानते हैं कि हरियाणा में जाट और दलित वोट बंटे तो फिर भाजपा की राह आसान हो सकती है।”

हरियाणा में विधानसभा चुनाव में मतदान में 10 दिन रह गए हैं और राज्य में सियासी घमासान दलित वोटों पर आकर केंद्रित हो गया है। सत्ता में वापसी के लिए जद्दोजहद कर रही सत्तारूढ भाजपा हो या मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस या अपने राजनीतिक प्रभामंडल को लगे ग्रहण से बाहर निकल के लिए संघर्ष कर रही जननायक जनता पार्टी और इंडियन नेशनल लोकदल यानी इनेला हो। सभी की नजर दलित मतों पर लगी है। किसी की तोड़ने के लिए तो किसी की उन्हें हासिल करने के लिए। दलित मत हरियाणा विधानसभा चुनाव की धुरी बन गए हैं। कांग्रेस और भाजपा के बीच तो चुनावी मोर्चे पर एक दूसरे को पटखनी देने के लिए दलित मतों को साधने की जंग चल रही है।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को हरियाणा के दौरे पर थे और उन्होंने दो चुनाव सभाओं को संबोधित किया। दोनों ही सभाओं में दलित मतों को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधने का उपक्रम किया। उनका कहना था कि कांग्रेस दलित विरोधी है और उसने बहन कुमारी शैलजा व अशोक तंवर जैसे नेताओं का अपमान किया है। कुमारी शैलजा कांग्रेस की महासचिव भी हैं और पार्टी के बड़े दलित चेहरों में से एक हैं। हरियाणा में वह मुख्यमंत्री पद की दावेदार भी हैं। वह राज्य विधानसभा का चुनाव भी लड़ना चाहती थी, लेकिन पार्टी ने उनको इसकी अनुमति नहीं दी। कुमारी शैलजा व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा में कांग्रेस की राजनीति के दो ध्रुव हैं और राजनीतिक क्षेत्रों में यह माना जाता है उनके सफल योग यानी जाट व दलित मतों की युति ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारा झटका दिया था। इसमें मुस्लिम मतों को भी जोड़ सकते हैं, इसलिए भाजपा विधानसभा चुनाव में इस युति को कमजोर करना चाहती है।

राज्य में जाट, दलित व मुस्लिम मतों का योग करीब 50 प्रतिशत बैठता है। जाट मत सर्वाधिक 27-28 फीसदी व दलित मत 20-21 प्रतिशत माने जाते हैं। यदि दोनों वर्ग साथ हो तो किसी भी पार्टी का सियासी गणित बिगाड़ सकते हैं। भाजपा मेवात अंचल की दो सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतार चुकी है और लगता है शैलजा के जरिए कांग्रेस के दलित वोटों में सेंध लगाना चाहती है। गत दिनों राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोहर लाल खट्टर की कुमारी शैलजा को भाजपा में आने की पेशकश को पार्टी की इसी रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। यह बात भी जगजाहिर है कि शैलजा व भूपेंद्र सिंह के बीच सीएम पद को लेकर खींचतान चल रही है। चुनावी पिच पर हुड्डा जहां आगे बढ़कर खेल रहे हैं, वहां शैलजा चुनाव प्रचार में फ्रंटफुट पर नजर नहीं आ रही हैं। माना जा रहा है कि वह विधानसभा चुनाव में हुए टिकट वितरण को लेकर नाराज हैं। टिकट वितरण में हुड्डा का हाथ ऊपर रहा। यहां तक कि राज्य में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 17 सीटों में से अधिकतर सीटों पर हुड्डा अपने समर्थकों को टिकट दिलाने में सफल रहे। कांग्रेस को सत्ता में वापसी की उम्मीद है, इसलिए पार्टी का शीर्ष नेतृत्व हुड्डा के हाथ बांधकर नहीं रखना चाहता है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान भी दलित समुदाय से आते हैं और वह भी हुड्डा खेमे के माने जाते हैं। ऐसे में लगता है चुनाव बाद में हुड्डा मजबूत बनकर उभरेंगे।

संभव है कुमारी शैलजा को यही बात अखर रही है कि कहीं हुड्डा उसका दलित वोट बैंक ही नहीं खिसका दें, लेकिन दोनों नेताओं के बीच किसी भी तरह की खटास कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकती है और कांग्रेस चुनाव के इस मोड़ पर शैलजा को नाराज कर कोई राजनीतिक खतरा भी नहीं उठाना चाहती है। कांग्रेस नेतृत्व शैलजा व हुड्डा को एकजुट होकर चुनाव मैदान में दौड़ते देखना चाहता है, लेकिन भाजपा यह नहीं चाहती और शैलजा को भाजपा की हाल की पेशकश को इसी संदर्भ मे देखा जा रहा है पर शैलजा ने फिलहाल दो टूक कहा दिया है कि उसकी रगों में कांग्रेस का खून है और वह अपने पिता की तरह कांग्रेस के झंडे में लिपटकर ही जाना चाहेंगी। उन्हें कोई नसीहत ना दें। उन्होंने मीडिया के विभिन्न मंचों के साथ बातचीत में यह साफ कर दिया कि वह कांग्रेस छोड़कर नहीं जा रही हैं। वह कहती हैं कि उन्होंने पार्टी को मजबूत करने के लिए काम किया है और लोकसभा चुनाव के नतीजों में इस मेहनत का असर देखा जा सकता है। साथ ही वह अपनी यह महत्वकांक्षा भी नहीं छिपाती कि वह मुख्यमंत्री बनना चाहती हैं।

शायद 61 वर्षीय इस दलित नेता को लगता हो कि उसे वरिष्ठता के आधार पर भी राज्य की कमान संभालने का मौका मिलना चाहिए, लेकिन उनकी यह महत्वाकांक्षा भाजपा की रणनीति या महत्वाकांक्षा में फिट नहीं बैठती है। राजनीतिक विश्लेषक यह मानते हैं कि कांग्रेस से दलित वोटों के छिटकने से भाजपा को फायदा होगा। शैलजा को लेकर उसकी पेशकश के पीछे का गणित भी यही माना जाता है। भाजपा के कोर मतों की गणना में ब्राह्मण व ओबीसी प्रमुख हैं। बिश्नोई व यादव मत भी उसकी गणित का हिस्सा हैं। चुनावी रणनीतिकार व विश्लेषक भी यह मानते हैं कि हरियाणा में जाट और दलित वोट बंटे तो फिर भाजपा की राह आसान हो सकती है। इसलिए भाजपा शैलजा के जरिए दलितों मतों को साधना चाहती है। वह आरक्षण के सवाल पर भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हाल ही अमेरिका की यात्रा के दौरान की गई एक टिप्पणी को लेकर हमलावर है। भाजपा दावा कर रही है कि कांग्रेस आरक्षण खत्म करना चाहती है और पीएम नरेंद्र मोदी ऐसा नहीं होने देंगे। हरियाणा में भाजपा ही नहीं अन्य राजनीतिक पार्टियां भी दलित वोटों के जरिए अपना राजनीतिक प्रभामंडल फिर से हासिल करना चाहती हैं। इनमें दो सबसे प्रमुख पार्टियां हैं जननायक जनता पार्टी और इंडियन नेशनल लोकदल हैं। यह दोनों ही पार्टियां पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल के परिवार की सियासी शाखा हैं और उनकी सियासत जाट वोटों पर ही टिकी है, जबकि भाजपा ने भी जाट-बिश्नोई वोटों को अपनी ओर खींचने के पर्याप्त इंतजाम किए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में जजपा किंगमेकर बनकर उभरी थी और भाजपा ने उसके साथ मिलकर सरकार बनाई थी, लेकिन लोकसभा चुनाव आते-आते उनका गठबंधन टूट गया और विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही जजपा के कई नेता व विधायक पार्टी का साथ छोड़कर चले गए। जजपा भी अब दलित वोटों के सहारे वापस उभरना चाहती है।

इसी चाह में उसने चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी से समझौता किया है। राज विधानसभा की 90 सीटों में से जजपा 70 सीटों पर चुनाव लड़ रही है जबकि आजाद समाज पार्टी 20 सीटों पर चुनाव मैदान में हैं। दूसरी ओर इनेलो ने बसपा से हाथ मिलाया है। वह भी दलित वोट बैंक के सहारे चुनावी वैतरणी पार करना चाहती हैं। एक गठबंधन के तहत इनेलो 53 और बसपा 37 सीटों पर किस्मत आजमा रही है। ओमप्रकाश चौटाल के राजनीतिक वारिस अभय सिंह चैटाला और बसपा के आकाश आनंद मिलकर चुनाव अभियान चला रहे हैं। राज्य में दलित वोट करीब 20-21 प्रतिशत माने जाते हैं और यह किसी एक क्षेत्र विशेष में केंद्रित नहीं होकर पूरे राज्य में फैले हैं। इसलिए वह किसी भी सीट पर चुनावी समीकरण बदल सकते हैं। उनकी यह ताकत इस चुनाव में खुलकर बोल रही है। हालत यह है कि हरियाणा की राजनीति में वटवृक्ष रहे देवीलाल के परिवार की इन सियासी शाखाओं को भी दलित मतों का सहारा चाहिए, वहीं बसपा और आजाद समाज पार्टी इन दलों के सहारे अपना जनाधार बढ़ाना चाहती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## व्यंग्य

# डाटाखोर-डाटाटोर



मनमोहन हर्ष
व्यंग्यकार

हमारे डटकरजी की शोहरत रनै रनै ग्लोबल वार्मिंग की मानिंद उड्यांड में पंख पसार रही है। अब आपको का बताए इटकरजी शिखा धारण तो नहीं करते पर किस्सागोई के किले के शिखर पर वे अक्सर सिक्का जमाते है। फिर करीने से शकायदा किस्सों को बारी-बारी से चोटी पकड़ पकड़कर बालपोशी के बाजार में उतारते हैं। ऐसे में इनसे दिल लगा बैठने, उनसे मुक्ताचीनी करने या दो-दो हाथ करने की मजबूरी अपनी तो नियति बन चुकी है।

डटकरजी को अपनी उलटबांसियों को उगलने के लिए हमारे जैसी कम्फर्टजोन' वाली कोई ठौर नहीं मिल सकती है और ना ही हमारे पास अपने कीमती समय के इत्तर उनकी शरण में समय गुजारने से बढ़ा कोई एंटरटेनमेंट जोन हो सकता है। आपको फिर से सोलह विसा सावधान किए देते हैं कि हमारी बातों से आप इटकरजी जैसी महान शख्सियत को कोई टाइमपास मूंगफी समझने की भूल गलती से भी मत कर बैठना।

आओ अब चले मौका-ए-वारदात की ओप..। अपुन का मतलब इटकरजी की डाटाखोरी और डाटाडोरी की नई थ्योरी से माधाफोडी को तैयार रहे। डटकरजी फरमाते हैं कि एक दौर था जब मिसकॉलचियों (दूसरों के मोबाईल पर मिस कॉल करने वाली पीढ़ी) ने उनको जमकर छकाया सताया। कॉल की अच्छी-खासी कीमत वाले उस काजंखंड में ये मिसकॉलची डरसम्मय स्थिति में मिस्ड कॉल के अस्त्र का कुशलता पूर्वक इस्तेमाल करते थे। आप भी सोच रहे होंगे कि मिस्ड कॉन के करतबों के दौर को बीते जब अपत्ता हो गया तो बेवजह ये मोधी मानडा फिर से क्यों खोला जा रहा है? ठीक ऐसे ही इमने इटकरजी को टोकते हुए पूछ लिया कि अफीम सेवन के लिए अफीमची जैसा शब्द तो हमने सुन रखा है, क्या आपने इसी तर्ज पर मिसकॉञत्री की उपना घड़ी है? पर अब जब सभी कॉल्स की है तो गड़े मुद्दों को उखाड़कर काडे जामोख्याड सबकी मगजनारी कर रहे हो? बलकडी की बांसुरी बजाते इटरकजी के सुरों पर पर ब्रेक लगाने वाली हमारी इस मातून गुस्ताखी के बाद हमें लगा कि आज तो अपुन की खैर नहीं भरी महफिल में हमारी शामत आने वाली है।

मगर सरप्राईजिंगली ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। इसके उलट डटकरजी का रोम-रोम पुलकित होने लगा। कातिन मगर मीठी और करूणा से भरी मुस्कान के साथ उन्होंने सफाचट सिर के नीचे दमकती भांडों से नजरें हमारी ओर तरेरी। मगर हमेशा की तरह भयाक्रांत होने के बजाए हमें लगा जैसे हमारे ऊपर उनकी कृपादृष्टि की कोई लॉटरी खुल गई है। बीच महफिल डटकरजी अपनी गडी छोड़कर सहसा उठे फिर अनायास ही हमारी बाजू में आ टिके। अपुन के सिर पर ऐसे हाथ फिरा रहे थे, गोया अपना टनों आशीर्वाद उंडेल रहे हो। इटकरजी ने उनकी वेवलेंध को कुछ-कुछ पकड़ते हुए अफीमची और मिसकॉलची के बीच तारतम्य जोड़ने का कारेश्मा कर गुजरने के लिए हमारी पीठ थपथपाई। इंटकरजी ने डाटाखोरी डाटाटोरी की रिसर्च से पर्दा उठाते हुए तवाल दागा कि क्या आप लोगों को नहीं लगता टेलीकॉम इंडस्ट्री में आए क्रांतिकारी बदलावों के बीच मिस्ड कॉल करुचर और नित्सकॉलचियों की सुसंस्कारित पीढ़ी आज भी इमली के पत्ते पर डंड पेठाने में मशगूल है? भला अब भी कोई क्यों और क्योंकर मिस्ड कॉन से दिल लगाए बैठा हो सकता है, यह सोचकर हमारे मन में डटकरजी के सठियाने की हद मार करने का शक घर करने लगा। मगर इटकरजी ने कधानक के अगले प्लॉट में फरमाया कि मिसकॉलचियों की जमात आजकल इंटरनेट के ढाटा की डाटाखोरी-डाटाडोरी के धंधे में लिप्त है।

कोई गुजरे जमाने के इन मिसकॉलचियों के मोबाईत्र की तलाशी ले तो इंटरनेट डाटा की मुफ्तखोरी के लिए दोस्तों रिश्तेदारों से लेकर पढौसियों और ऑफिस, स्कूल, कॉलेज, बैंक तथा रेलवे स्टेशन जैसे न जाने कडां-कहां के वाई-फाई नेटवर्क के पासवर्ड उन्होंने सहजन (सेष) कर रखे है। एक ओर जमाना इंटरनेट डाटा के लिए भारी-भरकम कीमत चुकाते हुए अपनी जेब खुशी-खुशी ढीली करता है। वहीं ये डाटाखोर डाटाडोर टेलीकॉम कम्पनियों की जेवतराशी कला को ठेंगा दिखाकर खुले आम अपना उल्लू सीधा रहे हैं। वाकई में इटकरजी ने हमेशा की तरह अपने तर्कों के तरन्नुम से सबको चारों खाने चित्त कर दिया।

## नॉलेज कॉर्नर: कर्नाटक का 'मत्तूर' गांव, बच्चा-बच्चा संस्कृत बोलता है

# भारत का ऐसा गांव जहां सभी बोलते हैं संस्कृत!

आज के दौर में जहां लोग हिंदी सही और सटीक नहीं बोल पाते, वहीं दूसरी ओर भारत में एक गांव ऐसा भी है, जहां लोग शुद्ध संस्कृत में एक-दूसरे से बातचीत करते हैं। 21वीं सदी में ऐसे गांव के बारे में जानकर आपको हैरानी हो सकती है। यहां न सिर्फ हिन्दू बल्कि मुस्लिम समुदाय के लोग भी संस्कृत में ही बात करते हैं। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से 320 किलोमीटर दूर मत्तूर नामक यह एक गांव है। इस गांव में कदम रखते ही लगता है मानो चाणक्य के दौर में पहुंच गए हों। आज के दौर में भी यह गांव पूरे भारत की संस्कृति अपने अंदर समाए हुए है। यहां के बच्चे, बूढ़े सभी धाराप्रवाह संस्कृत में बात करते हैं। नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं गांव के बारे में...

### 1981 में शुरू हुआ सिलसिला

कर्नाटक के मत्तूर गांव में हर घर में प्रवेश करने पर मेहमान का स्वागत भवत: नाम किम (आपका नाम क्या है), कथम् अस्ति भवान् (आप कैसे हैं) जैसे शब्दों से किया जाता है। कर्नाटक के हरे-भरे शिमोगा जिले में स्थित मत्तूर बारहमासी तुंगा नदी के तट पर बसा एक छोटा सा गांव है। ग्रामीण वैदिक जीवन शैली का नेतृत्व करते हैं। वह रोजाना प्राचीन ग्रंथों का जाप करते हैं और संस्कृत में बातचीत करते हैं। यह सिलसिला वर्ष 1981 से चला आ रहा है। शास्त्रीय भाषा



को बढ़ावा देने के लिए मत्तूर में 10 दिवसीय संस्कृत कार्यशाला का आयोजन भी किया गया, जिसमें उडुपी के पेजावर मठ के साधू ने भी भाग लिया था। ग्रामीणों की उत्सुकता को देखकर साधू ने कथित तौर पर कहा, 'एक जगह जहां लोग संस्कृत बोलते हैं, जहां पूरा घर संस्कृत में बात करता है! आगे क्या? एक संस्कृत गांव!' यह एक ऐसा आह्वान था जिसे मत्तूर के निवासियों ने गंभीरता से ले लिया और इस तरह संस्कृत गांव की प्राथमिक भाषा बन गई।

### ऐसा है मत्तूर गांव

मत्तूर एक कृषि प्रधान गांव है, जहां मुख्य रूप से सुपारी और धान की खेती की जाती है। यह एक प्राचीन ब्राह्मण समुदाय संकेथियों का निवास है, जो लगभग 600 साल पहले केरल से मत्तूर आए थे और फिर यहीं बस गए। संस्कृत के अलावा, वे संकेती नामक एक दुर्लभ भाषा भी बोलते हैं, जो संस्कृत, तमिल, कन्नड़ और तेलुगु के अंशों का मिश्रण है। संकेती बोली की कोई लिखित लिपि नहीं है और इसे देवनागरी लिपि में पढ़ा जाता है। मत्तूर में सब्जी विक्रेता से लेकर पुजारी तक सभी संस्कृत समझते हैं। छोटे बच्चे भी आपस में बात करते हुए, झगड़ते हुए या मैदान में क्रिकेट खेलते हुए संस्कृत ही बोलते हैं।

### हर घर में इंजीनियर

*यहां संस्कृत बोलने वाले लोग अन्य भाषाएं भी जानते हैं। यहां के लोग फर्राटेदार अंग्रेजी भी बोलते हैं। इस गांव में न कोई होटल है न ही गेस्ट हाउस। यहां अतिथियों को घरों में ही ठहराने की परंपरा है। हालांकि वैदिक परंपराओं वाला यह गांव किसी मायने में पिछड़ा नहीं है। इस गांव में हर घर से एक इंजीनियर है और गांव के कई युवा डॉक्टर भी हैं।* कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी



**राज्यवर्धन सिंह राठौड़,** मंत्री राजस्थान
@Ra_THORe
सैनिक बोर्ड की 17 वीं बैठक राजभवन में आयोजित हुई। गौरव सेनानियों व उनके परिजनों को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में केन्द्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है।

**जम्मू कश्मीर:** दूसरे चरण में लाल चौक से लेकर श्री वैष्णो देवी समेत 26 विधानसभा सीटों पर मतदान

# कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस व PDP, जम्मू क्षेत्र में BJP व कांग्रेस की परीक्षा

एजेंसी | श्रीनगर

जम्मू कश्मीर में दूसरे चरण का मतदान बुधवार को होगा। इस दौरान 26 सीटों पर वोटिंग होगी। इसमें से 11 सीटें जम्मू संभाग जबकि 15 सीटें कश्मीर संभाग की हैं।

दूसरे चरण का मतदान इसलिए भी बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्या भी इस चरण में सौ के करीब है। इसी चरण में पूर्व मुख्यमंत्री व नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रविंदर रैना, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा समेत कई दिग्गज नेताओं का चुनावी भाग्य ईवीएम में बंद हो जाएगा। कुल 239 उम्मीदवार चुनावमैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव में काफी कुछ बदला हुआ है। जम्मू रीजन की जिन 11 सीटों पर चुनाव है, उन पर डिमोग्राफी बदली हुई है। जम्मू के इलाके वाली सीटों पर कांग्रेस और भाजपा के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है तो घाटी की सीटों पर नेशनल



कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और पीडीपी जैसे दलों के बीच मुख्य टक्कर है, लेकिन इंजीनियर राशिद और अल्ताफ बुखारी की पार्टियां भी अहम रोल में है। घाटी में भाजपा के लिए ज्यादा उम्मीद नहीं मानी जा रही है। वहीं, पीडीपी के लिए भी अपनी साख को बचाए रखने की चुनौती है। वहीं, भाजपा को जम्मू क्षेत्र में अपनी जीती हुई सीटों को बचाए रखने की चुनौती है, क्योंकि कश्मीर रीजन में पार्टी को सीट मिलना मुश्किल है।

### इन सीटों पर होगा मतदान

दूसरे चरण में कश्मीर संभाग की कंगन, गांदरबल, हजरतबल, खानयार, हब्बाकदल, लाल चौक, चन्नपोरा, जदीबल, ईदगाह, सेंट्रल शाल्टेंग, बडगाम, बीरवाह, खानसाहब, चरार-ए-शरीफ और चदूरा सीट शामिल है। वहीं, जम्मू संभाग की गुलाबगढ़, रियासी, श्री माता वैष्णो देवी, कालाकोट-सुंदरबनी, नौशेरा, राजौरी, बुद्धल, थन्नामंडी, सूरनकोट, पुंछ-हवेली और मेंढर सीट पर मतदान होना है।

### चुनाव मैदान में पार्टियां

| | |
|---|---|
| कुल सीटें | 26 |
| भाजपा | 17 |
| कांग्रेस | 6 |
| नेशनल कॉन्फ्रेंस | 20 |
| निर्दलीय | 98 |

### उमर दो जगह से चुनाव मैदान में, दांव पर लगी है साख

लोकसभा चुनाव में बारामुला सीट पर निर्दलीय इंजीनियर राशिद से चुनाव हारने वाले नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला की साख दांव पर लगी है। इस बार उमर अब्दुल्ला गांदरबल और बडगाम दोनों सीटों से चुनाव मैदान में है। बडगाम में इस बार उमर का शिया समुदाय से आने वाले पीडीपी प्रत्याशी सैयद मुंतजिर मेहंदी से नजदीकी मुकाबला माना जा रहा है तो साथ ही गांदरबल सीट पर इंजीनियर राशिद की पार्टी के प्रत्यायाशी से मुकाबला है। गांदरबल सीट पर उनके खिलाफ जेल में बंद सरजन अहमद वागे उर्फ आजादी चाचा भी चुनाव मैदान में हैं। चैनपोरा सीट पर जेकेएपी के अल्ताफ बुखारी और एनसी के मुश्ताक गुरु के बीच टक्कर है। वहीं लाल चौक में एनसी के शेख अहसान अहमद, जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी (जेकेएपी) के मोहम्मद अशरफ मीर और बीजेपी के एजाज हुसैन राथर के बीच त्रिकोणीय मुकाबला माना जा रहा है। सेंट्रल शाल्टेंग सीट पर कांग्रेस के तारिक हमीद कर्रा का मुकाबला निर्दलीय उम्मीदवार मोहम्मद इरफान शाह से माना जा रहा है। वहीं, श्री माता वैष्णो देवी विधानसभा सीट पर भाजपा के बलदेव राज शर्मा और कांग्रेस के भूपिंदर सिंह के बीच सीधी लड़ाई है। नौशेरा सीट पर भाजपा के रविंदर रैना का मुकाबला नेशनल कॉन्फ्रेंस के सुरिंदर कुमार चौधरी से है।

### छोटे दल बिगाड़ सकते हैं खेल

दूसरे चरण में इंजीनियर राशिद की अवामी इत्तेहाद पार्टी और अल्ताफ बुखारी की अपनी पार्टी की भी अग्निपरीक्षा है। इन तीनों पार्टियों के कई नेता कश्मीर की कई सीटों पर पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस जैसे दलों का खेल बिगाड़ सकते हैं। अल्ताफ बुखारी भी अपनी सीट पर कड़ी टक्कर दे रहे हैं. इनके अलावा एक से दो निर्दलीय कैंडिडेट भी मजबूती से चुनाव लड़ते नजर आ रहे हैं। ऐसे में देखना है कि दूसरे चरण में किसका पलड़ा भारी रहता है और छोटे दल क्या बड़ा धमाल कर पाएंगे।

## नड्डा करेंगे बिहार में सदस्यता अभियान की समीक्षा



**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा आगामी 28 सितंबर को एक बार फिर से बिहार आ रहे हैं। अपने संक्षिप्त प्रवास के दौरान वे सांसदों, विधायकों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ पार्टी के सदस्यता अभियान की समीक्षा करेंगे। भाजपा प्रदेश मीडिया विभाग के संयोजक दानिश इकबाल ने बताया कि नड्डा करीब तीन से चार घंटे पटना में रहेंगे। बैठक में वे सदस्यों की संख्या को बढ़ाने को लेकर विचार-विमर्श करेंगे। इससे पहले 7 सितंबर को नड्डा दो दिवसीय दौरे पर बिहार आए थे।

## कांग्रेस का आरक्षण पर रुख स्पष्ट नहीं: मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने आरक्षण को लेकर कांग्रेस को एक बार फिर घेरा है। मायावती ने कहा कि देश में राहुल गांधी आरक्षण का समर्थन व इसे 50 प्रतिशत से ऊपर बढ़ाने की वकालत करते हैं, वहीं विदेश में जाकर आरक्षण को खत्म करने की बात करते हैं। राहुल देश में कुछ और विदेश में कुछ और बात करते हैं। कांग्रेस की आरक्षण नीति स्पष्ट नहीं बल्कि दोगली एवं छलकपट की है। मायावती ने मंगलवार को सामाजिक मंच एक्स पर पोस्ट में ये बातें कही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व राहुल गांधी के इस दोहरे मापदण्ड से लोग सचेत रहें। उन्होंने कहा कि यह भी सच है कि केन्द्र में इनकी सरकार ने ओबीसी आरक्षण सम्बन्धी मण्डल कमीशन रिपोर्ट लागू नहीं की थी। साथ ही, बीएसपी के संघर्ष से एससी-एसटी के पदोन्नति में आरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए संसद में लाए गए संविधान संशोधन बिल को भी कांग्रेस ने पास नहीं होने दिया, जो अभी तक लम्बित है।

**कर्नाटक:** जमीन घोटाले में हाई कोर्ट के फैसले के बाद गरमाई सियासत

# सीएम सिद्धारमैया को झटका MUDA मामले में चलेगा केस

■ विपक्ष ने की इस्तीफे की मांग, सिद्धारमैया ने ठुकराई

एजेंसी | बेंगलुरु

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को कर्नाटक हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की उस याचिका को खारिज कर दिया। जिसमें उन्होंने कथित मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) जमीन घोटाले में उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए राज्यपाल की मंजूरी को चुनौती दी थी। इसके साथ ही इस मामले में सियासत भी गरमा गई है। भाजपा ने राज्यपाल के इस्तीफे की मांग की है जबकि सिद्धारमैया ने इसे ठुकरा दिया है।

सिद्धारमैया की अर्जी पर सुनवाई करते हुए जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने कहा कि राज्यपाल थावरचंद गहलोत की ओर से केस चलाने की मंजूरी नियमों के तहत दी गई। ज्ञात रहे कि इस मामले में टीजे अब्राहम, एस. कृष्णा और प्रदीप कुमार एसपी ने शिकायत दर्ज कराई थी।

जस्टिस नागप्रसन्ना ने कहा कि आमतौर पर राज्यपाल मंत्री परिषद की सिफारिश पर ही कोई निर्णय लेते हैं, लेकिन संविधान उन्हें विशेष परिस्थितियों में स्वतंत्र निर्णय लेने की भी अनुमति देता है। अदालत ने कहा कि इस मामले में शिकायत पर फैसला लेना जरूरी था।




### तथ्यों की जांच की आवश्यकता

जस्टिस नागप्रसन्ना ने फैसला में कहा कि याचिका में बताए गए तथ्यों की निस्संदेह जांच की आवश्यकता होगी। इससे पहले उन्होंने 12 सितंबर को मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। वही, 19 अगस्त को जारी अंतरिम आदेश में हाई कोर्ट ने सिद्धारमैया को अस्थायी रूप से राहत देते हुए बेंगलुरु की एक विशेष अदालत को आगे की कार्यवाही रोकने और राज्यपाल की मंजूरी के आधार पर किसी भी कार्रवाई से परहेज करने का निर्देश दिया था।

### भाजपा ने सिद्धारमैया से मांगा इस्तीफा

इस बीच, भाजपा ने सीएम पद से उनका इस्तीफा मांगा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से हाई कोर्ट के आदेश का सम्मान करने का अनुरोध करता हूं।

### सिद्धारमैया ने लगाया बदले का आरोप

इस बीच, सीएम सिद्धारमैया ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर राज्य सरकारों के खिलाफ बदले की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने विपक्ष की उस मांग को भी ठुकरा दिया कि उन्हें हाईकोर्ट के फैसले के बाद पद से इस्तीफा देना चाहिए। सिद्धारमैया ने विपक्ष पर अपने और अपनी सरकार के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वह इन साजिशों का राजनीतिक रूप से सामना करेंगे। वे आगे की कानूनी लड़ाई के बारे में फैसला लेंगे। उन्होंने आगे कहा, मैंने कोई गलत काम नहीं किया है।

### गवर्नर के फैसले में कोई गलती नहीं

अदालत ने कहा कि यह मामला ऐसे ही अपवाद और विशेष स्थिति का है। पीठ ने कहा कि गवर्नर के फैसले में कोई भी गलती नहीं लगती है। हाई कोर्ट ने कहा कि हमारे आदेश के साथ ही निचली अदालत की ओर से आने वाला कोई अंतरिम आदेश भी निष्प्रभावी हो जाएगा। दरअसल इस मामले की सुनवाई सिद्धारमैया की अर्जी पर निचली अदालत में भी चल रही थी। अब उच्च न्यायालय के फैसले के बाद वह केस खत्म हो गया है। दरअसल राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 16 अगस्त को प्रिवेंशन ऑफ करप्शन ऐक्ट के सेक्शन 17ए के तहत सिद्धारमैया के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी दी थी। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने सिद्धारमैया का प्रतिनिधित्व किया, जबकि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने राज्यपाल थावर चंद गहलोत की ओर से दलीलें दीं।

**चुनाव आयोग ने झारखंड में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की**

# महाराष्ट्र का दौरा कल से, इसके बाद चुनाव तिथियों की घोषणा

■ झारखंड की राज्यों से लगी सीमाएं होंगी सील

एजेंसी | रांची

झारखंड में विधानसभा चुनाव कराने को लेकर निर्वाचन आयोग ने कमर कस ली है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में आयोग की टीम ने राज्य में सभी प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों की समीक्षा की है। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग जल्द ही चुनाव की तारीखों पर अंतिम फैसला लेगा। हम गुरुवार को महाराष्ट्र के दौरे पर जा रहे हैं, उसके बाद इस पर निर्णय लेंगे। हम समय से चुनाव कराएंगे। कुछ पार्टियों ने मांग की थी कि पोलिंग बूथों पर 100 फीसदी सीसीटीवी कैमरों का बंदोबस्त किया जाना चाहिए। हमने इसे मान लिया है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि हमने राज्य में सभी प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक की। डीएम, एसपी को निर्देश दिए गए हैं कि चुनाव में किसी भी प्रकार का प्रलोभन जैसे ड्रग्स आदि की समस्या से कड़ाई से निपटा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारियों को इलाकों को साफ सुथरा करने को कहा गया है। इसके साथ ही अधिकारियों को ये निर्देश भी दिए गए हैं कि राज्य की सीमाएं सील की जाएं। किसी भी पड़ोसी राज्य से झारखंड में किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई अधिकारी किसी पार्टी का पक्ष लेता पाया गया तो उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। आयोग ने साफ कर दिया है कि निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी दलों को समान अवसर व सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।


### एक ही चरण में मतदान की मांग

अधिकारियों के अनुसार, कई राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग से एक ही चरण में विधानसभा चुनाव कराने का अनुरोध किया है। अधिकांश दलों ने चुनाव कार्यक्रम तय करने से पहले अक्टूबर और नवंबर में दिवाली, छठ, दुर्गा पूजा और राज्य स्थापना दिवस जैसे मौकों पर विचार करने का भी अनुरोध किया है। यही नहीं कुछ दलों ने चुनाव प्रचार के दौरान नफरत फैलाने वाले भाषणों के बारे में चिंता जताई और आयोग से राज्य में अवैध प्रवासियों जैसे विचाराधीन मामलों को उठाने पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया।

**महाराष्ट्र में लागू होगा त्रिभाषा फॉर्मूला**

# मराठी के साथ हिंदी का भी होगा संवर्धन

**मुंबई।** महाराष्ट्र में त्रिभाषा फार्मूला लागू किया जाएगा। इससे राज्य में मराठी के साथ हिंदी और अंग्रेजी को भी वरीयता मिलेगी। राज्य के सांस्कृतिक विभाग ने मराठी भाषा के संवर्धन पर विशेष जोर देते हुए नई सांस्कृतिक नीति बनाई है जिसके तहत 25 साल का विस्तृत प्रारूप तैयार किया गया है। नई नीति में मराठी भाषा को अनिवार्य किया गया है। साथ ही, राष्ट्रीय शैक्षणिक नीति के तहत हर क्षेत्र में त्रिभाषा फार्मूला लागू करने की बात कही गई है। महाराष्ट्र राज्य की सांस्कृतिक नीति तय करने के लिए सांस्कृतिक कार्य मंत्री सुधीर मुनगंटीवार की




अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई थी। इसके कार्याध्यक्ष भाजपा के पूर्व राज्यसभा सदस्य विनय सहस्त्रबुद्धे को नियुक्त किया गया था। सहस्त्रबुद्धे के मातहत विभिन्न उपसमितियां गठित की गई थी, जिसमें भाषा, साहित्य, पुरातत्व, लोककला, संगीत, रंगभूमि, नृत्य, सिनेमा आदि शामिल थे।

### चौथी कक्षा तक मराठी अनिवार्य

इस समिति की रिपोर्ट के तहत ही राज्य की नई सांस्कृतिक नीति तैयार की गई है। इसमें प्राथमिक पाठशाला में चौथी कक्षा तक मराठी भाषा को अनिवार्य करने और शिक्षा व प्रशासनिक कामकाज में मराठी भाषा पर जोर देने की बात कही गई है। वहीं, बोली-भाषा के जतन के लिए विशेष विभाग गठित करने का सुझाव दिया गया है। नई नीति में गैरमराठी लोगों को मराठी भाषा सिखाने के लिए साधन मुहैया कराने की भी बात कही गई है।

**लोकसभा सचिवालय को डिजिटल करने का काम तेजी से**

# संसद की कार्यवाही में ली जा रही एआई की मदद

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि देश की संसद की कार्यवाही अब आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) की मदद से तैयार की जा रही है।

सांसदों को संसद की कार्यवाही को क्षेत्रीय भाषा में मुहैया कराने के लिए तकनीकी की मदद ली जा रही है। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के दो दिवसीय सम्मेलन के बाद ओम बिरला ने कहा कि लोकसभा सचिवालय को डिजिटल करने का काम तेजी से चल रहा है। सचिवालय में



जिस तकनीक का प्रयोग हो रहा है, उसे राज्य विधानसभा और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ भी साझा किया जा रहा है। बिरला ने कहा कि सम्मेलन के दौरान राज्य विधानमंडल के अधिकारियों ने कई मुद्दों पर चर्चा की। इसमें विचार-विमर्श के लिए एलजीबीटीक्यू+ भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विधायिकाओं के समर्थन, संसदीय कार्यवाही में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का उपयोग, सांसदों के साथ हिंसा और दुर्व्यवहार, मानव तस्करी, शरणार्थियों और राष्ट्रमंडल देशों में आप्रवासन सहित आठ विषयों पर बात की गई है।

उन्होंने कहा कि विधायी निकाय प्रक्रियाओं और रिकॉर्डों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। साथ ही प्रतिदिन की गतिविधियों में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करके सांसदों और विधायकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य विधानसभाओं को डिजिटलीकरण की गति बढ़ानी चाहिए। ताकि एक राष्ट्र-एक डिजिटल प्लेटफॉर्म का दृष्टिकोण साकार किया जा सके।

**हरियाणा विधानसभा चुनाव: केजरीवाल ने सिरसा में किया रोड शो**

# ईमानदारी पर चोट पहुंचाना चाहते थे, इसलिए जेल में डाला: केजरीवाल

एजेंसी | चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अपनी पार्टी के चुनाव अभियान को गति देने के लिए हरियाणा के दौरे पर पहुंचे।

उन्होंने सिरसा में रानिया विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार हरपिंदर सिंह के पक्ष में रोड शो किया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि उन्हें इसलिए गिरफ्तार किया गया क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी उन्हें 'चोर' के तौर पर पेश करना चाहती थी, लेकिन



मेरे 'सबसे कट्टर दुश्मन' भी मानते हैं कि मैं भ्रष्ट नहीं हूं। उन्होंने कहा, मैंने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया है। आज के दौर में कोई चपरासी का पद भी नहीं छोड़ता। किसी ने मेरा इस्तीफा नहीं मांगा। भाजपा पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने मुझे जेल में क्यों डाला? मैं ईमानदार हूं। वे मेरी ईमानदारी पर चोट पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मुझे जेल में मानसिक और शारीरिक रूप से तोड़ने की कोशिश की गई। उन्होंने मेरी दवाएं बंद कर दीं। मैं मधुमेह से पीड़ित हूं। मैं 10 साल से इंसुलिन ले रहा हूं। उन्होंने मेरा इंसुलिन तक बंद कर दी। मुझे नहीं पता कि वे मेरे साथ क्या करना चाहते थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वे मेरा संकल्प तोड़ना चाहते थे। लेकिन वे नहीं जानते कि मैं हरियाणा से हूं। आप किसी का संकल्प तोड़ सकते हैं। लेकिन हरियाणा वालों का नहीं। केजरवाल ने कहा कि मैं वोट मांगने आया हूं। 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में मैं अपनी पार्टी के लिए वोट मांगूंगा।

### बिना गलती साढे पांच महीने जेल में बिताने पड़े

केजरीवाल ने कहा कि उन्हें बिना किसी कारण के साढ़े पांच महीने जेल में बिताने पड़े। उन्होंने कहा कि मेरी क्या गलती थी? मेरी गलती यह है कि मैं 10 साल तक दिल्ली का मुख्यमंत्री रहा। मैंने गरीबों के बच्चों के लिए अच्छे सरकारी स्कूल बनवाए। पहले दिल्ली में 7-8 घंटे बिजली कटौती होती थी। लेकिन अब चौबीसों घंटे बिजली आती है। मेरी गलती यह है कि मैंने दिल्ली और पंजाब में बिजली मुफ्त कर दी। मेरी गलती यह है कि मैंने बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थ यात्रा शुरू की। दिल्ली और पंजाब में बहुत सारे काम किए गए। कोई भी भ्रष्ट व्यक्ति यह नहीं कर सकता। केजरीवाल ने कहा कि उनकी सरकार ने दिल्ली में बिजली मुफ्त कर दी।

### CM पद से हटाए जाने पर दुखी थे खट्टर, हमसे साधा था संपर्क: पवन खेड़ा

दूसरी ओर कांग्रेस ने दावा किया है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के बाद मनोहर लाल खट्टर ने कांग्रेस से संपर्क साधा था। और कुछ सहयोगियों के साथ कांग्रेस में शामिल होने की इच्छा जाहिर करते हुए संदेश दिया था। ज्ञात रहे कि खट्टर ने लोकसभा चुनाव से पहले सीएम पद छोड़ दिया था। इसके बाद नायब सिंह सैनी को राज्य की कमान सौंपी गई थी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा का दावा है कि खट्टर सीएम पद से हटाए जाने के बाद कांग्रेस के पास आए थे। उन्होंने यह भी कहा कि खट्टर पद से हटाए जाने के चलते बेहद दुखी थे। उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने की इच्छा जाहिर करते हुए संदेश दिया था। खेड़ा ने सवाल किया कि खट्टर को 9 साल से ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री बनाए रखने के बाद उन्हें अचानक पद से हटा दिया गया। उन्होंने पूछा कि पोस्टर्स से



अब उनका चेहरा गायब क्यों है। खेड़ा ने कहा कि भाजपा नेतृत्व की तरफ से इस पर बात करना बाकी है। कांग्रेस नेता का कहना है कि इस बार खट्टर की असफलताओं को छिपाने से हरियाणा की जनता का गुस्सा शांत नहीं होगा। उन्होंने कहा, मतदाता इतने नाराज हैं कि जब वो ईवीएम का बटन दबाते हैं, तो इस बात का खतरा भी रहता है कि मशीन ही न टूट जाए।

## जरूरी खबर

### त्रिपुरा में 500 उग्रवादियों ने किया समर्पण




**अगरतला।** त्रिपुरा में मंगलवार को प्रतिबंधित समूहों नेशनल लिबरेशन फ्रंट आफ त्रिपुरा) और आल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) से जुड़े करीब 500 उग्रवादियों ने मुख्यमंत्री माणिक साहा के सामने आत्मसमर्पण किया है। सिपाहिजाला जिले के जम्पुइजाला में एक समारोह में उग्रवादियों का मुख्यधारा में स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री साहा ने कहा कि उग्रवाद किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। इस सामूहिक आत्मसमर्पण के बाद मुख्यमंत्री ने पूर्वोत्तर राज्य को पूरी तरह से उग्रवाद मुक्त घोषित किया। साहा ने कहा कि केंद्र और राज्य कई योजनाएं शुरू करके स्वदेशी लोगों के समग्र विकास के लिए काम कर रहे हैं।

### वाद्य यंत्र नहीं बजाया, समाजिक बहिष्कार किया

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मेडक जिले के एक गांव के सोलह लोगों पुलिस ने गांव के एक परिवार का सामाजिक बहिष्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों ने गांव में किसी के अंतिम संस्कार के दौरान 'दप्पू' (तार वाद्य यंत्र) बजाने से इनकार कर दिया था। इस पर गांव के लोगों ने इनका सामाजिक बहिष्कार किया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मडिगा समुदाय (अनुसूचित जाति) से संबंधित परिवार पिछले काफी समय से 'दप्पू' बजाने का काम करते थे। गांव में किसी का अंतिम संस्कार किया जाना था, जब ग्रामीणों ने इनसे 'दप्पू' बजाने के लिए कहा तो इन्होंने इनकार कर दिया। इसके बाद पंचायत हुई और पंचायत में इस परिवार को समाज से बाहर निकालने का फरमान सुनाया गया। पीड़ित परिवार में दो भाई हैं।

### हिज्ब-उत-तहरीर के 11 ठिकानों पर NIA के छापे

**चेन्नई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को तमिलनाडु में 11 स्थानों पर छापेमारी की। मामला इस्लामिक संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) के 'चुनाव विरोधी अभियान' से जुड़ा है। आधिकारिक बयान के मुताबिक एनआइए ने चेन्नई, तांबरम और कन्याकुमारी जिलों में 11 संदिग्धों के घरों पर छापा मारकर एचयूटी के डिजिटल उपकरण, बेहिसाब नकदी और साहित्य समेत आपत्तिजनक सामग्री जब्त की। एचयूटी के विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल्स के जरिएअसंतोष फैलाने में शामिल होने पर कार्रवाई की गई।

## किसानों के साथ संवाद... हर मंगलवार को होगी बात



*नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को को दिल्ली में किसानों एवं किसान संगठनों के साथ संवाद श्रृंखला की शुरुआत की। इसमें किसान नेताओं ने फसलों के उचित दाम दिलाने, फसल बीमा योजना में छोटे किसानों के हितों का ध्यान रखे जाने और आवारा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान सहित कई मुद्दे उठाए। चौहान ने हर मंगलवार किसानों के साथ बैठक करने की घोषणा की थी।*

### सीएम रेवंत रेड्डी को अदालत में पेश होने का निर्देश



**हैदराबाद।** हैदराबाद की एक अदालत ने मंगलवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को 2015 के वोट के बदले नकदी मामले में 16 अक्टूबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। इस मामले में वह आरोपियों में से एक हैं। मेट्रोपोलिटन सत्र न्यायाधीश की अदालत ने रेड्डी और पांच अन्य आरोपियों को कथित वोट के बदले नकदी घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय की धनशोधन जांच के संबंध में मामले में आरोपों पर विचार के लिए 16 अक्टूबर को होने वाली सुनवाई के दौरान पेश होने का निर्देश दिया। मामले का चौथा आरोपी मंगलवार को अदालत में पेश हुआ था, जबकि मुख्यमंत्री रेड्डी सहित अन्य आरोपी अनुपस्थित थे। अदालत ने सभी आरोपियों को सुनवाई की अगली तारीख पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया।

पंजाब सरकार की अधिसूचना रद्द करने का आदेश सही

# मेडिकल एडमिशन में NRI कोटा है फ्रॉड, बंद होना चाहिए: SC

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पंजाब में मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के एनआरआई कोटे का दायरा बढ़ाने के तय मानकों पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सवाल उठाते हुए तीखी टिप्पणियां कीं है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि एनआरआई कोटा एक फ्रॉड (धोखाधड़ी) है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने मामले में सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा कि एनआरआई कोटा का व्यवसाय बंद होना चाहिए। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने एनआरआई कोटे की शर्तों में संशोधन वाली पंजाब सरकार की अधिसूचना रद्द करने के हाई कोर्ट के आदेश को सही ठहराया और उसे चुनौती देने वाली तीन याचिकाएं खारिज कर दीं।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जेबी पार्दीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने संशोधित शर्तों को 'धोखाधड़ी' करार देते हुए कहा इससे देश की मेडिकल शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता में गिरावट आएगी। पीठ ने कहा, यह पूरी तरह से धोखाधड़ी है। हम अपनी शिक्षा प्रणाली के साथ यही कर रहे हैं। न्यायाधीश जानते हैं कि उन्हें किससे निपटना है। उच्च न्यायालय ने इस मामले को अच्छी तरह से निपटाया है।

पंजाब सरकार ने 20 अगस्त को एक अधिसूचना के जारी करके एनआरआई आरक्षण का दायरा बढ़ा दिया था, जिससे एनआरआई के नजदीकी रिश्तेदारों के लिए भी आरक्षण के रास्ते मेडिकल कॉलेजों में दाखिला कुछ आसान हो गया था। इस अधिसूचना को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने 11 सितंबर को रद्द करते हुए कहा था कि यह 'तर्कसंगत रूप से अनुचित' था। उच्च न्यायालय के उस आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी गई थी।



### सरकार ने नीति के मूल उद्देश्य को ही कर दिया कमजोर

अदालत ने कहा कि एनआरआई कोटा मूल रूप से वास्तविक एनआरआई और उनके बच्चों को लाभ पहुंचाने के लिए था, जिससे उन्हें भारत में शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिले। हालांकि, चाचा, चाची, दादा-दादी और चचेरे भाई-बहनों जैसे रिश्तेदारों को एनआरआई श्रेणी में शामिल करने के सरकार के कदम ने नीति के मूल उद्देश्य को कमजोर कर दिया। अदालत ने कहा, 'परिभाषा को व्यापक बनाने से संभावित दुरुपयोग का द्वार खुल जाता है, जिससे नीति के उद्देश्य से बाहर के व्यक्ति इन सीटों का लाभ उठा सकते हैं, जो संभावित रूप से अधिक योग्य उम्मीदवारों को दरकिनार कर सकते हैं।

### यह किया था पंजाब सरकार ने

पंजाब सरकार ने 20 अगस्त को अधिसूचना जारी कर मेडिकल में प्रवेश के लिए 15 प्रतिशत एनआरआई कोटे की परिभाषा का विस्तार कर दिया था। उसमें एनआरआई के रिश्तेदार, जैसे चाचा, चाची, दादा, दादी, नाना, नानी, चचेरे भाई आदि को भी शामिल कर दिया था। एनआरआई कोटे की आड़ में धांधली की कोशिश!

देश में सामान्य से 5% अधिक हुई बारिश

## राजस्थान समेत कई इलाकों से लौटने लगा दक्षिण-पश्चिम मानसून

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देशभर के कई राज्यों में झमाझम बारिश के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून पश्चिमी राजस्थान और गुजरात के कच्छ के रास्ते लौटना शुरू हो गया। दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी की प्रक्रिया सोमवार को शुरू हो गई। मौसम विभाग ने मंगलवार को बंगाल की खाड़ी के पश्चिम-मध्य में कम दबाव का क्षेत्र बनने का पूर्वानुमान लगाया है। इससे पूर्वी तट के कुछ राज्यों में बारिश की संभावना है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 17 सितंबर की सामान्य तिथि के मुकाबले 23 सितंबर को पश्चिमी राजस्थान और कच्छ के कुछ हिस्सों से वापस हो गया है। अगले 24 घंटों के दौरान पश्चिमी राजस्थान के कुछ और हिस्सों और पंजाब, हरियाणा और गुजरात के आसपास के इलाकों से दक्षिण-पश्चिम मानसून के वापस जाने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।



### इस सप्ताह भी भारी बारिश का अलर्ट

इस बार देशभर में सामान्य से पांच प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। मौसम विभाग ने इसी सप्ताह तटीय और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, महाराष्ट्र, गोवा, मध्य, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में अत्यंत भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान जताया है।


### इन राज्यों में हुई कम बारिश

इस सीजन पांच मौसम विज्ञान उपखंडों में कम बारिश दर्ज की गई। इसमें जम्मू और कश्मीर (-26 प्रतिशत), हिमाचल प्रदेश (-20), अरुणाचल प्रदेश (-30 प्रतिशत), बिहार (-28 प्रतिशत) और पंजाब (-27 प्रतिशत) शामिल हैं। वहीं नौ उपखंडों में अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई।

पेंशन की पीड़ा: निर्देश थे घर जाकर देने के, नहीं माना अफसर

## 2KM तक घुटनों के बल गई वृद्धा

**क्योंझर।** ओडिशा के क्योंझर जिले में 70 वर्षीय एक महिला के वृद्धावस्था पेंशन लेने के लिए अपने घर से पंचायत कार्यालय तक लगभग दो किलोमीटर तक घुटनों के बल चलकर पहुंचने का मामला सामने आया है। क्योंझर मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी का गृह जिला है। बीमार बुजुर्ग महिला की पहचान पथुरी देहुरी के रूप में हुई है, जो रायसुआं ग्राम पंचायत की निवासी है और चल नहीं सकतीं। गांव की सड़क पर घुटनों के बल चलते हुए देहुरी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रायसुआं ग्राम पंचायत के सरपंच बागुन चंपिया ने बताया कि अखबारों में उसकी तस्वीरें देखने के बाद प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। महिला अपनी उम्र से संबंधित बीमारी के कारण ठीक से चल नहीं पाती है।



### राज्य सरकार ने दिया था ये निर्देश

राज्य सरकार ने इससे पहले अधिकारियों को बुजुर्ग और दिव्यांग लाभार्थियों की पेंशन उनके घर तक पहुंचाने का निर्देश जारी किया था। हालांकि, देहुरी ने कहा कि एक पंचायत अधिकारी ने उन्हें मासिक पेंशन लेने के लिए कार्यालय जाने के लिए कहा था और शनिवार को उन्हें वहां पहुंचने के लिए घुटनों के बल चल कर जाना पड़ा।

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से फिर मिले पीएम मोदी

## भारत संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान में मदद को तैयार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी तीन दिवसीय अमेरिकी यात्रा के अंतिम दिन सोमवार को न्यूयॉर्क में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। पीएम मोदी और जेलेंस्की के बीच एक महीने में यह दूसरी मुलाकात है। एक महीने पहले ही पीएम मोदी ने यूक्रेन का दौरा किया था और जेलेंस्की से मुलाकात की थी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह बैठक यूक्रेनी पक्ष के अनुरोध पर आयोजित की गई थी। दोनों शीर्ष नेताओं के बीच लंबी बातचीत हुई। पीएम मोदी ने जेलेंस्की से मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी जारी की। मोदी ने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की तलाश में रचनात्मक भूमिका निभाने की भारत की इच्छा को दोहराया।



### स्वदेश लौटे पीएम

पीएम मोदी तीन दिवसीय अमेरिका दौरा पूरा करके मंगलवारको नई दिल्ली लौट आए हैं। वे विमान से मंगलवार रात दिल्ली हवाई अड्डे पहुंचे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने शनिवार को विलमिंगटन में क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) देशों के नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। उनके दौरे को देश में उनकी सरकार के साथियों समेत उनकी अपनी पार्टी के दिग्गज नेताओं ने ऐतिहासिक करार दिया है।

आस्ट्रेलियाई थिंक ने जारी की पावर इंडेक्स की रैंकिंग

# जापान व रूस को पीछे छोड़ा, भारत बना एशिया की तीसरी सुपर पावर

**एजेंसी** | नई दिल्ली/ मेलबर्न

रूस और जापान को पीछे छोड़ते हुए भारत एशिया में तीसरा सबसे शक्तिशाली देश बन गया है। भारत से पहले इस सूची में चीन और अमेरिका का नाम है। अमेरिका सूची में सबसे ऊपर है। ऑस्ट्रेलिया के थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट की ओर से जारी किए गए एशिया पावर इंडेक्स की रैंकिंग में यह बात कही गई है।

इस रैंकिंग में 39.1 के स्कोर के साथ भारत ने अपनी वैश्विक स्थिति को और मजबूत किया है, जबकि जापान 38.9 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर खिसक गया है। वहीं, पाकिस्तान रैंकिंग 14.6 स्कोर के साथ 16वें स्थान पर है। इसमें कहा गया है कि जापान की आर्थिक ताकत में गिरावट की वजह से उसकी ताकत में कमी आई है। इस सूची को हर साल इन देशों के संसाधान और प्रभाव को ध्यान में रखकर जारी किया जाता है। सूची में ऑस्ट्रेलिया को पांचवां और यूक्रेन युद्ध में फंसे रूस को छठवां स्थान मिला है। अमेरिका को 81.7, चीन को 72.7 और जापान को 38.9 प्वाइंट मिले हैं।



### ऐसे किया मूल्यांकन

एशिया पावर इंडेक्स में कुल 27 देशों और क्षेत्रों का आकलन किया गया। इसमें देखा गया कि इन देशों के पास क्या है और उसके साथ वे क्या कर रहे हैं। इसमें पाकिस्तान से लेकर रूस तक, वहीं प्रशांत क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अमेरिका को भी इसमें शामिल किया गया है। इसमें 6 साल के आंकड़े का इस्तेमाल किया गया है।

### एशिया का शक्ति संतुलन अमेरिका व चीन के हाथ में

लोवी की रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया गया है कि एशिया में शक्ति का संतुलन अभी भी अमेरिका और चीन के हाथ में है। लेकिन भारत की उभरती धमक इस स्थिति को बदल सकती है। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका अभी भी एशिया में सबसे प्रभावशाली ताकत है, लेकिन अब उसे चीन की ओर से तेजी से बढ़ती सेना का दबाव झेलना पड़ रहा है। चीन की आर्थिक और सैन्य वृद्धि लगातार जारी है, लेकिन उसकी शक्ति स्थिर हो गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि चीन की शक्ति न तो बढ़ रही है और न ही घट रही है, बल्कि वह एक स्थिर अवस्था में है। वहीं अमेरिका अब भी छह में से आठ शक्तियों के मानकों में सबसे आगे बना हुआ है। भारत की स्थिति में सुधार देखा जा रहा है और उसने जापान और रूस को पीछे छोड़ते हुए एशिया में तीसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई है।

### यूं बढ़ रही है भारत की शक्ति

ऑस्ट्रेलियाई थिंक टैंक की मानें तो भारत की बढ़ती शक्ति का मुख्य आधार इसकी विशाल जनसंख्या और तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था है। रिपोर्ट में भारत की आर्थिक क्षमता में 4.2 अंकों की वृद्धि हुई है। भविष्य के संसाधनों के संदर्भ में भारत का स्कोर 8.2 अंकों से बढ़ा है। यानी कि भारत की युवा जनसंख्या आने वाले दशकों में एक जनसांख्यिकीय लाभ प्रदान कर सकती है, जो उसे आर्थिक और सामरिक दृष्टि से और भी मजबूत बनाएगा।

### एशिया का खास खिलाड़ी बना भारत

लोवी इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट एशिया में शक्ति की उभरती रूपरेखा को उजागर करती है। रिपोर्ट से यह स्पष्ट होता है कि अमेरिका और चीन प्रमुख ताकतें बनी हुई हैं, लेकिन भारत एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में उभर चुका है। जैसे-जैसे समय बीतेगा, भारत का आर्थिक कौशल, सैन्य शक्ति और कूटनीतिक रणनीतियों का परस्पर प्रभाव क्षेत्र के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत की शक्ति को वैश्विक भू-राजनीति में एक नई दिशा में ले जाने की संभावनाएं बन रही हैं। जैसे-जैसे भारत अपने संसाधनों का सही उपयोग करेगा और अपनी कूटनीतिक क्षमताओं को बढ़ाएगा, वह एशिया में एक प्रमुख शक्ति के रूप में उभरता जाएगा। यह परिवर्तन न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरी एशियाई क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि शक्ति संतुलन में बदलाव वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक स्थिरता और सुरक्षा को प्रभावित कर सकता है।

### पुरी ने दिया पीएम मोदी के नेतृत्व को श्रेय

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एशिया पावर इंडेक्स में भारत की बढ़त का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और वैश्विक रणनीति को दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में भारत ने एशिया पावर इंडेक्स के देशों के साथ सबसे अधिक कूटनीतिक संवाद में भाग लिया। जो यह दिखाता है कि भारत अपनी कूटनीतिक स्थिति को मजबूत करने में सक्रिय है।

## नवरस मूवी में 9 किरदार निभाने वाले एक्टर-डायरेक्टर प्रवीण ने शेयर की जर्नी

# मेरा प्रयास सिर्फ लोगों को पिक्चर दिखाना ही नहीं, देश को जोड़ना है

**बेधड़क.जयपुर।** मेरा मानना है, कि मेरे इस प्रयास से यदि देश में 9 रेप कम हो, 9 महिलाओं को सम्मान मिले, 9 बच्चों पर अत्याचार कम हो तो मैं सफल हो गया। मैंने सिर्फ मूवी नहीं बनाई है, बल्कि देश को जोड़ने और वर्तमान में बढ़ रही परेशानियों को कम करने का प्रयास भी किया है। ये ही कारण है, कि मूवी को 58 अवॉर्ड मिल चुके हैं। ये कहना था फिल्म नवरास कथा कोलाज के एक्टर-राइटर-डायरेक्टर प्रवीण हिंगोनिया का, जो मूवी की जानकारी देने जयपुर आए थे। वे अपनी टीम के साथ कश्मीर से कन्याकुमारी की यात्रा पर हैं।






### बड़ा स्टार लेने की हिम्मत नहीं थी

निर्माता निर्देशक और अभिनेता प्रवीण हिंगोनिया ने बताया, कि मुझे ऐसे एक्टर की तलाश थी जो हमेशा मेरे साथ और पास रहे। बड़े स्टार हम ले नहीं सकते हैं और किसी ने ये हिम्मत नहीं दिखाई। फिर मैंने सोचा मेरे सबसे पास तो मैं ही हूं और मैंने ही 9 किरदार निभाए। उन्होंने कहा, कि कमल हासन और संजीव कुमार ने भी 10 और 9 किरदार निभाए हैं, लेकिन मेरे लिए यह बहुत रोमांचित करने वाला था।

### विदेशों में जीते अवॉर्ड

प्रवीण ने बताया, कि मूवी ने बोस्टन में भी अवॉर्ड जीता है और इन दिनों कश्मीर से कन्याकुमारी तक की यात्रा पर हैं। यह एक ऐसी अद्भुत यात्रा है जो भारतीय सिनेमा के इतिहास में पहले कभी नहीं की गई। टीम वाघा बॉर्डर, गोल्डन टेंपल, जलियांवाला बाग, खटकर कलां, शहीद-ए-आजम भगत सिंह के गांव, अहमदाबाद, बरेली सहित पूरे देश का भ्रमण कर रही है। सफर में प्रवीण के साथ अतुल श्रीवास्तव, अलका, स्वर हिंगोनिया सहित फिल्म से जुड़ी टीम है। फिल्म में प्रवीण हिंगोनिया के अलावा शाजी चौधरी, दयानंद शेट्टी, रेवती पिल्लई, सुनीता, महेश शर्मा, प्राची सिन्हा, बेटी श्रेया, जय शंकर त्रिपाठी, ईशान शंकर जैसे कलाकार हैं। स्वरध्रुपद प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म के सह-निर्माता अभिषेक मिश्रा हैं।

## ठग लाइफ की शूटिंग हुई पूरी, मेकर्स ने जारी किया वीडियो

*कमल हासन ने अपनी आने वाली फिल्म ठग लाइफ की शूटिंग कंप्लीट कर ली है। शूटिंग के रेपअप का अनाउंस राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल ने एक्स पर शेयर किया है। इसमें मणि रत्नम अपनी पूरी टीम के साथ शूटिंग पूरी होने की खुशी तालियां बजाकर मना रहे हैं। ठग लाइफ तमिल मूवी है। इसका डायरेक्शन मणिरत्नम ने किया है। मणि रत्नम और कमल हासन की जोड़ी 37 साल बाद साथ में नजर आएगी। इससे पहले दोनों ने 1987 में आई मूवी नायकन में दोनों ने काम किया था। यह फिल्म उस समय सुपरहिट रही थी। इस फिल्म की पटकथा की खास बात यह है कि इसे हीरो कमल हासन और डायरेक्टर मणिरत्नम दोनों ने मिलकर लिखा है। ठग लाइफ का म्यूजिक भी कमाल का होने वाला है क्योंकि इसमें संगीत एआर रहमान ने दिया है। ठग लाइफ फिल्म के प्रोड्यूसर्स की बात करें तो इसे तीन बड़े प्रोडक्शन हाउस ने मिलकर बनाया है। ये तीन प्रोडक्शन हाउस हैं राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल, मद्रास टॉकीज और रेड जायंट मूवीज। फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे।*

### साइक्लोथॉन पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** साइक्लोथॉन के लिए मंगलवार को जयपुर नगर निगम आयुक्त रुक्मणी रियार द्वारा पोस्टर विमोचन किया गया। इस वर्ष की साइक्लोथॉन में हार्ट हेल्थ के साथ 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान को बढ़ावा दिया जाएगा। वर्ल्ड हार्ट डे पर होने वाला छठा साइक्लोथॉन इस बार एक अलग रंग-रूप में होगा।

### गड्ढे बताकर पाएंगे ईनाम

**बेधड़क. जयपुर।** कट्स 'स्वच्छ और सुरक्षित शहर' के मुद्दे पर काम करते हुए अब 'गड्ढा ढूंढो-इनाम पाओ' अभियान लेकर आया है। अभियान के तहत आम लोगों से सड़कों पर मौजूद गड्ढों की तस्वीरें और जानकारी मांगी जा रही हैं। प्रविष्टियां डी-217 भास्कर मार्ग बनीपार्क पर 15 अक्टूबर से पहले भेजी जा सकती हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य सड़क रखरखाव के लिए जिम्मेदार जेडीए, नगर निगम और अन्य विभागों के संबंधित अधिकारियों को सड़कों की वास्तविक स्थिति से अवगत कराना है। जो सबसे अधिक गड्ढों की तस्वीरें भेजेगा, उनमें से तीन विजेताओं का चयन किया जाएगा और पुरस्कार दिया जाएगा। पहले, दूसरे और तीसरे स्थान के विजेताओं को प्रमाण पत्र और क्रमशः 10,000, 7,000 और 5,000 का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

### टॉपर्स को दिए एक्सीलेंस अवॉर्ड



**बेधड़क. जयपुर।** एक्सपर्ट एक मंच पर आए और उन्होंने बिजनेस प्लांस शेयर करते हुए आगे बढ़ने की बात कही। साथ ही अपने-अपने अनुभव बांटे। मौका था ओसवाल सोप ग्रुप की ओर से डीलर मीट-2024 का। होटल जेपी पैलेस में हुए आयोजन में समूह के 300 से अधिक व्यापारियों ने भाग लिया। दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत निर्देशक हर्ष जैन, अचल जैन, गौरव जैन, संजय जैन, सौरभ जैन, श्रेणिक जैन और हिमांक जैन ने की। एमडी अजय जैन ने संबोधित करते हुए अनुभव बांटे और व्यापार में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। संगीत की धुन पर कार्यक्रम में देश के टॉप डीलर्स को एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। दूसरे दिन मुंबई के कलाकारों द्वारा सूफी संगीत की शाम खास रही।

## City इवेंट्स

### 'नोट मी बट यू' सिखाता है सेवा करना



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान संगीत संस्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. दिलीप गोयल ने बताया कि आदर्श वाक्य 'नोट मी बट यू' हमें निस्वार्थ भाव से सेवा करना सिखाता है। स्वयं के कल्याण के साथ दूसरों का भी कल्याण करें। एनएसएस प्रभारी डॉ. ममता ने समाज सेवा से व्यक्तिगत विकास की बात कही। कार्यक्रम में भानु प्रताप, खुशबू सिंह, साक्षी शर्मा, जनक तिवारी, विक्रम सिंह आदि स्वयं सेवकों ने भाग लिया।

### JKK ने कलाकारों से मांगे आवेदन

**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से होने वाले 27वें लोकरंग महोत्सव के लिए राजस्थान के लोक कलाकारों से प्रस्तुति के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक लोक कलाकार अपनी विधा (गायन, वादन, नृत्य और नाट्य) की जानकारी के साथ केन्द्र के स्वागत कक्ष पर सुबह 9:30 से शाम 6:00 बजे तक फॉर्म जमा करा सकते हैं। ई-मेल JKK@rajasthan.gov.in पर भी आवेदन भेज सकते हैं। गौरतलब है कि जवाहर कला केन्द्र की ओर से हर वर्ष आयोजित होने वाले लोकरंग महोत्सव में प्रदेश के अतिरिक्त अन्य राज्यों व केंद्रीय सांस्कृतिक केंद्रों की ओर से प्रायोजितदेशभर से लोक कलाकार हिस्सा लेकर लोक विधाओं की प्रस्तुति देते हैं।

### मेट्रोकर्मियों की थाइराइड जांच



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर मेट्रो में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर कर्मचारियों के लिए जयपुर मेट्रो डिपो में मेडिकल कैंप लगाया गया, जिसमें थाइराइड, शुगर, कोलेस्ट्रोल आदि की जांच करते हुए परामर्श दिया गया। इस मौके पर अधिकारियों ने अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाल दी।

## परेड के साथ मनाया स्थापना शताब्दी समारोह

# समता सैनिक दल ने दी डॉक्टर अंबेडकर को समता सलामी



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर के झालाना स्थित डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी में डॉ. बी.आर. अंबेडकर द्वारा स्थापित समता सैनिक दल के 100 वर्ष पूर्ण होने पर समता सैनिक दल का स्थापना शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम समता सैनिक दल कैडेट्स के द्वारा परेड मार्च किया गया व दल कमांडर लक्ष्मी नारायण वर्मा द्वारा सोसायटी अध्यक्ष जसवंत सम्पतराम आईपीएस से.नि. को समता सलामी दी गई। साथ ही परेड का निरक्षण कराया गया। सभी ने सामूहिक रूप से डॉ. अंबेडकर को समता सलामी दी गई। कार्यक्रम में जसवंत सम्पतर. ने बाबा साहेब के योगदान व उनके जीवन-परिचय पर प्रकाश डाला। साथ ही समता सैनिक दल के राजस्थान के पूर्व चीफ कमांडर टेकचंद राहुल ने समता सैनिक दल के बारे में बताया। सोसायटी महासचिव जी.एल.वर्मा ने आए हुए लोगों का व समता दल के सैनिकों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सोसायटी के पूर्व पदाधिकारी जे.पी.विमल पूर्व आईएएस, बी.एल.जाटावत पूर्व आईएएस, अनिल कुमार गोठवाल, डॉ.एस.के.मोहनपुरिया आदि के साथ गुरु प्रसाद लेखरा, गोमा सागर, बी.एल.गोरा, सूबे सिंह, मोहन जेवरिया, ताराचंद जाजोरिया, प्रभु दयाल, श्रवण कुमार, विश्राम बलाई आदि कार्यक्रम में शामिल हुए।

## जापानी आर्किटेक्ट फुजीमोतो ने शेयर किए अनुभव

# जयपुर-राजस्थान के वास्तुशिल्प परिदृश्य को उन्नत करने की तैयारी



**बेधड़क** | जयपुर

मैं जंतर-मंतर गया और सिटी पैलेस भी देखा। यहां की संस्कृति को समझने का प्रयास भी कर रहा हूं। यहां का आर्किटेक्ट वाकई लाजवाब है। यह कहना था विश्व एक्सपो ओसाका-2025 के मास्टर प्लानर और आर्किटेक्ट सोउ फुजिमोतो का, जो जापान से जयपुर आए हैं।

आर्किटेक्चरल एक्सपर्टीज और अत्याधुनिक तकनीक को साथ लाने वाले मेड इंडिया के साथ उन्होंने उन्होंने जयपुर में चर्चा की। उन्होंने बताया, कि जयपुर और राजस्थान के वास्तुशिल्प परिदृश्य को उन्नत करने की तैयारी है।

फुजीमोतो ने कहा कि भारत के सांस्कृतिक रूप से समृद्ध परिदृश्य में लुभाते हैं। मैंने जापान, चीन, यूरोप, यूएई, सऊदी अरब और यूएसए में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सक्रिए रूप से भाग लिया है। यह विविध अनुभव समकालीन संदर्भ में वास्तुकला के हमारे विकसित होती फिलॉसफी को आकार देता रहा है। हमारी प्रक्रिया सहयोगात्मक और प्रयोगात्मक दोनों है, जिसमें प्राचीन और अवांट-गार्डे तत्वों का सम्मिश्रण है।

सह-संस्थापक ध्रुव राज सिंह ने कहा, कि अब समय आ गया है कि बेहतरीन वास्तुकला से सब रूबरू हों। वहीं सह-संस्थापक ओलिवा सार्टोगो ने कहा कि आर्किटेक्चरल सेवाओं के अंतर को खत्म किया जाना चाहिए।

**कार्यशाला** — कहानी व कविता लेखन प्रशिक्षण में दी तकनीक की जानकारी

# कविता एक पंक्ति की भी, लेकिन उसमें भाव व गहराई हो

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान सिन्धी अकादमी की सिन्धी कहानी व कविता लेखन-प्रशिक्षण कार्यशाला में सिन्धी भाषा में कहानी व कविता लेखन के साथ गजल लेखन तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया। अकादमी सचिव योगेन्द्र गुरनानी ने बताया कि कार्यशाला में सिन्धी व हिन्दी के वरिष्ठ कवि हरीश करमचंदानी ने 'आजाद कविता-नई कविता' के बारे में आधुनिक परिप्रेक्ष्य में कविता लिखने की कला की जानकारी दी।



### प्रशिक्षणार्थियों से भी लिखवाई कविता

उन्होंने बताया कि नई कविता एक पंक्ति की भी हो सकती है लेकिन उसमें भाव व गहराई का समावेश होना चाहिए। उन्होंने स्वरचित व अन्य कवियों की कविताओं का उदाहरण देते हुए विस्तार से समझाया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को सत्र के अन्त में नई कविता की चंद पंक्तियां लिखवाई व उनका परीक्षण किया। कार्यशाला में अजमेर के सिन्धी व हिन्दी के साहित्यकार, कवि, गजलकार व गीतकार ढोलण राही ने 'सिन्धी नज्म-कविता की किस्म, काफी, कत्आ, तन्हा, बैत, पंजकड़ा, वाई, रूबाई, हाइकू व गीत' आदि विधाओं पर प्रकाश डाला।

### पंजकड़ा पांच पंक्तियों में हो

इसके साथ ही उन्होंने कविता के प्रकार, मात्राओं, वजन, तुकबन्दी व लिखने के तरीके पर उदाहरण देते हुए उनकी समानता और भिन्नता की बारीकियों पर प्रकाश डाला। 'पंजकड़ा' के बारे में बताया कि हर पंक्ति का दूसरी पंक्ति से ऐसा जुड़ाव होना चाहिए जैसे कड़ी से कड़ी का होता है। उन्होंने कहा कि पंजकड़ा पांच पंक्तियों में होना चाहिए, जिसमें पहली पंक्ति का दोहराव पांचवीं पंक्ति में होना चाहिए। उन्होंने सिन्धी के प्रसिद्ध साहित्यकार प्रभू वफा की पुस्तक 'सुर्ख गुलाब सुरहा ख्वाब' व स्वयं की पुस्तक 'स्त्री तुहिंजा रूप...' में से पंजकड़े सुनाए। कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों में सिन्धी कहानी, कविता व गजल सीखने की कला के प्रति उत्साह, सीखने की ललक व गहरी रूचि दिखाई।



ज्ञानी होने से शब्द समझ में आने लगते हैं और अनुभवी होने से अर्थ।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### लेबनान में इजराइल ने मचाई भारी तबाही

# एक साथ 1600 ठिकानों पर अटैक... 500 से ज्यादा की मौत

**एजेंसी** । बेरुत (लेबनान)


इजराइल ने लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आईडीएफ ने लेबनान में भारी तबाही मचाई है। इजराइल ने मंगलवार को एक बार फिर लेबनान में एयरस्ट्राइक की है। इजराइल ने राजधानी बेरूत के पास घोबेरी में हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया है। इस हमले में अब तक 6 लोगों की मौत हुई है और 15 लोग घायल हुए हैं। इसके साथ ही लेबनान में 2 दिन में मरने वालों का आंकड़ा 564 हो गया है। उधर,हिजबुल्लाह ने भी बीती रात इजराइल में 8 जगहों को मिसाइल से निशाना बनाने का दावा किया है। इससे पहले इजराइली डिफेंस फोर्स ने सोमवार को हिजबुल्लाह के 1600 ठिकानों को निशाना बनाते हुए लेबनान में एयर स्ट्राइक की थी। वहीं,लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस हमले में अब तक 558 लोगों की मौत हो गई है। इनमें 94 महिलाएं और 50 बच्चे हैं। 1,835 लोग घायल भी हुए हैं। इजराइल ने पूर्वी लेबनान और दक्षिणी लेबनान के निवासियों को पहले ही चेतावनी जारी की थी। इजराइल की चेतावनी के बाद दक्षिण लेबनान से हजारों लोग भाग गए। यह इजराइल का एक साल में सबसे भीषण हमला माना जा रहा है। लेबनानी अधिकारियों ने कहा कि उसने 80 हजार से अधिक इजराइली संदिग्ध कॉल को ट्रेस किया है और उस पर वह कार्रवाई कर रहा है।



### इजराइल का 'ऑपरेशन नॉर्दर्न एरो'

इजराइली रक्षा बलों ने इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन नॉर्दर्न एरो' का नाम दिया है। इजराइल की ओर से किए जा रहे हमलों में दक्षिणी और पूर्वी लेबनान को निशाना बनाया गया है, जबकि बेरूम में एक टारगेटेड अटैक भी किया गया। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी है कि इन हमलों में अब तक 492 लोग मारे गए हैं, जिनमें 35 बच्चे और 58 महिलाएं शामिल हैं। साथ ही हजारों परिवार बेघर हो गए हैं।

### नेतन्याहू की लेबनानी लोगों को चेतावनी, कहा...
## हमारी लड़ाई हिजबुल्लाह से, आप 'मानव ढाल' न बनें



लेबनान पर सोमवार की रात ताबड़तोड़ हमले के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने लेबनान के आम नागरिकों को चेतावनी दी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनान के लोगों को चेतावनी दी है वे हिजबुल्लाह के लिए 'मानव ढाल' न बनें। लेबनान में हुए इजराइली हमलों में अब तक लगभग 500 लोगों की मौत हो चुकी है। सोमवार की रात पीएम नेतन्याहू ने एक वीडियो जारी कर कहा कि इजराइल का युद्ध लेबनान के नागरिकों के खिलाफ नहीं है, बल्कि हिजबुल्लाह के खिलाफ है। नेतन्याहू ने कहा कि हिजबुल्लाह ने लेबनान के लोगों घरों में मिसाइलें छिपाई हैं और इजराइल को अपनी सुरक्षा के लिए उन हथियारों को नष्ट करना जरूरी है। नेतन्याहू ने लेबनान के लोगों को चेतावनी दी है कि इजराइली रक्षा बलों की सलाह को गंभीरता से लें। नेतन्याहू ने कहा, हिजबुल्लाह आपके जीवन और आपके प्रियजनों के जीवन को खतरे में डाल रहा है। कृपया, अब सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। हमारी कार्रवाई पूरी होने के बाद, आप सुरक्षित रूप से अपने घर लौट सकते हैं। बता दें कि इजराइली रक्षा बलों ने लेबनान के लोगों से हिजबुल्लाह के हथियारों से दूर रहने की सलाह दी है।

### अरब देशों और वैश्विक शक्तियों ने की शांति की अपील

इन हमलों के बाद अरब देशों और वैश्विक शक्तियों ने इजराइल और हिजबुल्लाह से युद्ध को रोकने की अपील की है। हालांकि, दोनों पक्ष पीछे हटने के लिए तैयार नहीं हैं। हिजबुल्लाह ने कहा है कि यह उनके और इजराइल के बीच एक नई जंग छिड़ गई है। इजराइल की ओर से किए जा रहे हमलों के बाद हिजबुल्लाह ने भी इजराइल के सैन्य ठिकानों पर हमला किया है।

### अमेरिका में दस लोगों की हत्या के आरोपी को ठहराया दोषी

# कातिल को 10 आजीवन कारावास की सजा

**एजेंसी** । वाशिंगटन

अमेरिका में कुछ साल पहले सामूहिक गोलीबारी में मारे गए 10 लोगों के गुनगहार को अदालत ने दोषसिद्धि के बाद लगातार 10 आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह वारदात 22 मार्च, 2021 को पश्चिमी संयुक्त राज्य अमेरिका के कोलोराडो की किंग सुपर मार्केट में हुई थी।

गोलीबारी के बाद बंदूकधारी अहमद अल अलीवी अलीसा को गिरफ्तार कर लिया गया था। तब से वह सलाखों के पीछे है। इस समय वह 25 साल का है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अहमद अल अलीवी अलीसा को सोमवार को हत्या का दोषी ठहराते हुए फैसला सुनाया गया। जूरी ने उसके वकीलों की इस दलील को खारिज कर दिया कि मानसिक बीमारी के कारण वह सही और गलत में अंतर नहीं कर पाता। जूरी ने फैसले से पहले करीब दो सप्ताह तक गवाहों को सुना।



गोलीबारी में मारे गए सभी 10 लोगों की आयु 20 से 65 वर्ष के बीच थी। जूरी सदस्यों ने सजा पर लगभग छह घंटे तक विचार-विमर्श किया। इसके बाद न्यायाधीश इंग्रिड एस. बैके ने अलीसा को लगातार 10 आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अलीसा को हत्या के 10 मामलों के अलावा कई अन्य आरोपों में भी दोषी ठहराया गया।

# भारतीय-मूल के पूर्व मंत्री एस ईश्वरन दोषी करार

**एजेंसी** । सिंगापुर

भारतीय मूल के पूर्व मंत्री एस. ईश्वरन ने अपने ऊपर लगे आरोपों को कबूल कर लिया है। इसके बाद से उनकी सजा 3 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी गई है। उन्हें मंगलवार को लोक सेवक के रूप में मूल्यवान चीजें प्राप्त करने और न्याय में बाधा डालने के कमतर आरोपों में दोषी ठहराया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, भ्रष्टाचार के आरोपों से संबंधित मंगलवार के मुकदमे के बाद पूर्व परिवहन मंत्री की जमानत बढ़ा दी गई है। अभियोजन पक्ष ने मंत्री के लिए छह से सात महीने की जेल की सजा मांगी थी। मंत्री ने मुकदमे के पहले दिन दोषी होने की दलील दी थी। उन्होंने कई महीनों तक कहा था कि वह अपना नाम साफ करने के लिए इस मामले में लड़ेंगे। सुनवाई खत्म होने पर, जस्टिस विंसेंट हुंग ने बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष को उनके तर्कों के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि उन्हें ईश्वरन की सजा पर विचार करने के लिए समय चाहिए। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ईश्वरन ने दंड संहिता की धारा 165 के तहत चार आरोपों को स्वीकार किया है। यह धारा सभी लोक सेवकों को आधिकारिक क्षमता में उनके साथ जुड़े किसी व्यक्ति से कोई मूल्यवान चीज प्राप्त करने से रोकती है। इसके साथ ही, उन्होंने न्याय में बाधा डालने का एक आरोप भी स्वीकार किया है।



### भारत-चीन दोनों से दोस्ती

# श्रीलंका को नहीं बनना सैंडविच: दिसानायके

**एजेंसी** । कोलंबो

श्रीलंका के नए राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने कहा है कि वे भारत और चीन के बीच सैंडविच बनकर नहीं रहना चाहते हैं। एक इंटरव्यू में अनुरा ने कहा कि श्रीलंका दुनिया में चल रही दबदबे की लड़ाई में नहीं फंसना चाहता है। उन्होंने कहा कि हम न तो दबदबे की होड़ में शामिल लेंगे और ना ही होड़ में शामिल किसी देश का साथ देंगे। दोनों देश (भारत-चीन) हमारे अच्छे दोस्त हैं, मुझे उम्मीद है भविष्य में हमारी साझेदारी अच्छी होगी।

दिसानायके ने कहा कि वे यूरोपियन यूनियन मिडिल ईस्ट और अफ्रीका से भी अच्छे रिश्ते रखेंगे। श्रीलंका की विदेश नीति निष्पक्ष होगी। दरअसल, राजपक्षे ब्रदर्स की सत्ता में श्रीलंका चीन के कर्ज के जाल में फंस गया था। 2022 में आर्थिक मंदी के बाद रानिल विक्रमसिंघे ने भारत से संबंध सुधारे थे।

दिसानायके वामपंथी विचारधारा के हैं। इसके अलावा वे भारत के आलोचक भी रह चुके हैं। ऐसे में श्रीलंका में दिसानायके के जीतने पर आशंकाएं जताई जा रही थी कि वे वैश्विक मुद्दों पर भारत की बजाय चीन का समर्थन करेंगे। हालांकि, उन्होंने राष्ट्रपति बनने के पहले ही दिन स्पष्ट कर दिया कि उनकी विदेश नीति किसी एक देश को समर्थन वाली नहीं होगी।



### हरिनी बनीं श्रीलंका की नई प्रधानमंत्री



हरिनी अमरसूर्या श्रीलंका की नई प्रधानमंत्री बन गई हैं। उन्होंने मंगलवार को श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही वह साल 2000 में सिरीमावो भंडारनायके के बाद इस पद पर आसीन होने वाली दूसरी महिला नेता बन गईं। 'नेशनल पीपुल्स पावर' (एनपीपी) की 54 वर्षीय नेता अमरसूर्या को राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने शपथ दिलाई। दिसानायके ने खुद समेत चार सदस्यों का मंत्रिमंडल नियुक्त किया है। अमरसूर्या को न्याय, शिक्षा, श्रम, उद्योग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य तथा निवेश मंत्रालयों का कार्यभार सौंपा गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने की जगह यह जिम्मेदारी संभाली है। दिनेश गुणवर्धने ने राष्ट्रपति चुनाव के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

### इजू द्वीप के आसपास आया 5.9 तीव्रता का भूकंप

# जापान में कांपी धरती, मध्यम दर्जे की सुनामी

**एजेंसी** । टोक्यो

बरसात और भूस्लखन से कई दिन से बेहाल जापान के लोगों को मंगलवार को इजू द्वीप समूह के आसपास भूकंप के झटकों का सामना करना पड़ा। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.9 दर्ज की गई।

भूकंप आने की वजह ज्वालामुखी गतिविधि बताई गई है। भूकंप के बाद सुबह सुदूर जापानी द्वीपों पर मध्यम दर्जे की सुनामी आई। खबर के अनुसार, देश की मौसम विज्ञान एजेंसी ने भूकंप आने के बाद आगाह किया कि इजू और ओगासावारा द्वीप श्रृंखला के तटों पर ज्वार के स्तर से एक मीटर ऊपर तक की लहरें उठ सकती हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता 5.6 मापी है। इजू समूह के द्वीपों पर लगभग 21,500 और ओगासावारा द्वीप समूह पर लगभग 2,500 लोग रहते हैं। जापान में बरसात और भूस्खलन से भी भारी तबाही हुई है। राहत और बचाव का काम चल रहा है। लापता लोगों की तलाश की जा रही है। भूकंप आने के लगभग 30 मिनट बाद हचिजो द्वीप पर याने जिले में लगभग 50 सेंटीमीटर की सुनामी का पता चला। तीन अन्य द्वीपों कोज़ुशिमा, मियाकेजिमा और इजू और ओशिमा पर कम ऊंची लहरें उठीं। भूकंप का असर हचिजो द्वीप से लगभग 180 किलोमीटर दक्षिण में दिखा। यह स्थान राजधानी टोक्यो से लगभग 300 किलोमीटर दक्षिण में है। जापान प्रशांत महासागर को घेरने वाली भूकंपीय रेखा 'रिंग ऑफ फायर' पर स्थित है।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl